उज्जैन
गुरुवार
25
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-53
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र




## छोड़ूंगा नहीं बुलडोजर भी चलेगा कोई रोक नहीं सकता : योगी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने यूपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र में प्रदेश में अवैध अतिक्रमण करने वालों को खुलकर चेतावनी दी।



उन्होंने कहा, अब यहां कोई कब्जा नहीं कर सकता। जो करेगा उसे छोड़ूंगा नहीं। सीएम योगी ने कहा, अगर आबादी की भूमि पर या किसी सरकारी भूमि पर कोई माफिया कब्जा करके उसपर मॉल बनाकर, या वसूली का अड्डा बनाकर उसके माध्यम से अनैतिक, अवैध गतिविधियों का संचालन करके कोई छांगुर जैसा व्यक्ति वहां अनैतिक गतिविधियों का संचालन करेगा तो बुलडोजर भी चलेगा, उसको कोई रोक नही सकता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, मैं आपको इस बात के लिए आश्वस्त करता हूं, कब्जा कोई भी करेगा, किसी भी स्मारक पर, किसी भी पौराणिक स्थल पर, कोई भी होगा, उसको छोड़ूंगा तो नही।

## भारतीय सेना के जवानों को इंस्टाग्राम पर सिर्फ देखने की अनुमति

**नई दिल्ली।** डिजिटल युग में सोशल मीडिया जहां आम लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है, वहीं देश की सुरक्षा से जुड़ी संस्थाओं के लिए यह हमेशा एक संवेदनशील विषय रहा है। इसी कड़ी में भारतीय सेना ने सोशल मीडिया उपयोग को लेकर एक अहम और संतुलित फैसला लिया है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक अब भारतीय सेना के जवानों और अधिकारियों को इंस्टाग्राम का इस्तेमाल केवल देखने और निगरानी करने के लिए करने की अनुमति दी गई है। हालांकि, पोस्ट करने, लाइक करने या किसी भी तरह की टिप्पणी करने पर अब भी सख्त पाबंदी बनी रहेगी। नई व्यवस्था के तहत सेना कर्मियों को इंस्टाग्राम पर सक्रिय भागीदारी की इजाजत नहीं है, बल्कि वे केवल चुपचाप स्क्रॉल कर सकते हैं। इसका उद्देश्य मनोरंजन से ज्यादा सतर्कता बताया जा रहा है।

## चीनी सैन्य अफसर का वीडियो 35 साल बाद लीक

**बीजिंग।** चीन में 1989 के थियानमेन स्क्वायर पर लोकतंत्र की मांग करने वाले हजारों छात्रों को मरवा दिया गया था। इस



आंदोलन से जुड़ा एक सीक्रेट वीडियो 35 साल बाद सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स में आशंका जताई जाती है कि इस दौरान 10 हजार छात्रों को टैंक से कुचल दिया गया था। हालांकि आधिकारिक आंकड़ा कभी सामने नहीं आया। यह जो सीक्रेट वीडियो सामने आया है वो पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के जनरल शू छिनशियान के कोर्ट मार्शल का है। जनरल शू बताते हैं कि उन्होंने छात्र प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने और सैन्य कार्रवाई का आदेश मानने से इनकार क्यों किया था।

## रूस के याकूतिया में तापमान -56 डिग्री, ये धरती पर सबसे कम

**याकूतिया।** रूस के याकूतिया में जबरदस्त ठंड पड़ रही है। यहां तापमान -56 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है, जो इस समय धरती पर सबसे कम माना जा रहा है। इतनी ठंड में खुली जगह पर कुछ ही मिनटों में शरीर सुन्न हो सकता है। याकूतिया के टिकसी गांव में पिछले तीन दिनों से तेज बर्फीला तूफान चल रहा है। चारों तरफ बर्फ ही बर्फ नजर आ रही है। तेज हवा के साथ उड़ती बर्फ ने लोगों का बाहर निकलना बहुत मुश्किल कर दिया है। हालात को देखते हुए प्रशासन ने सभी स्कूलों में छुट्टी कर दी है और छोटे बच्चों के किंडरगार्टन भी बंद कर दिए गए हैं, ताकि बच्चे सुरक्षित रहें। लगातार हो रही बर्फबारी से कई घरों के मुख्य दरवाजों तक बर्फ जम गई है। कुछ जगहों पर तो बर्फ इतनी ज्यादा है कि लोग अपने घरों से बाहर ही नहीं निकल पा रहे हैं।

### चित्रदुर्ग के हिरियूर में लॉरी से टक्कर के बाद हादसा

# कर्नाटक में स्लीपर बस में आग, 10 जिंदा जले

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ चित्रदुर्ग**

कर्नाटक के चित्रदुर्ग में बुधवार देर रात स्लीपर बस में टक्कर के बाद आग लग गई। हादसे में बस में सवार 10 से ज्यादा लोग जिंदा जल गए। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह आंकड़ा 12 और 17 बताया जा रहा है। हादसा एनएच-48 पर हिरियूर तालुक में हुआ। बस बेंगलुरु से गोकर्ण जा रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बस में 30 से ज्यादा यात्री थे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रात 2.30 बजे तेज रफ्तार लॉरी डिवाइडर तोड़कर दूसरी तरफ से जा रही प्राइवेट कंपनी की सीबर्ड ट्रांसपोर्ट की बस से टकरा गई। बस में तुरंत आग लग गई। उस समय यात्री सो रहे थे। इस कारण उन्हें खुद को बचाने का मौका नहीं मिला।



**बस के ड्राइवर-क्लीनर ने कूदकर बचाई जान**

ईस्ट जोन के इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस रविकांत गौड़ा ने बताया कि बस के ड्राइवर और क्लीनर बच गए हैं, जबकि ट्रक के ड्राइवर-क्लीनर की मौत हो गई है। कई यात्रियों ने बस से कूदकर जान बचाई। घायल यात्रियों को तुमकुरु जिले में शिरा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो यात्री गंभीर हैं। पीएम मोदी ने भी हादसे पर दुःख जताया है। वहीं, मृतकों के परिजन को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए देने का ऐलान किया है।



**स्लीपर बस के यात्री बचाने की गुहार लगा रहे थे**

हादसे के एक चश्मदीद ने बताया कि वे एक स्कूल बस में बेंगलुरु से दांडेली के लिए निकले थे। उसी समय यह हादसा हुआ। लॉरी अचानक सड़क पार से आई और स्लीपर बस से टकरा गई। बाद में वह स्कूल बस से भी टकरा गई। टक्कर के बाद स्लीपर बस के अंदर बैठे यात्री चिल्ला रहे थे। लॉरी ने बस के डीजल टैंक में टक्कर मारी, जिससे धमाका हुआ और बस में आग लग गई।

## 8 महीने में 402 नवजातों की मौत

### 255 की अस्पताल, 64 की रास्ते में और 83 बच्चों ने घर में दम तोड़ा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ छतरपुर**

छतरपुर जिले में नवजात मृत्यु के चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। अप्रैल से नवंबर 2025 के बीच आठ महीनों में जिले में 402 नवजातों की मौत दर्ज की गई है। इस अवधि में जिले में कुल 16 हजार 912 डिलीवरी हुईं। मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने आंकड़ों का सत्यापन शुरू कर दिया है। सभी स्तरों से रिपोर्ट की पुष्टि कराई जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, मृत नवजातों में से 64 बच्चों ने अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में दम तोड़ दिया, जबकि 83 नवजातों की मौत घर पर हुई। इसके अलावा 255 बच्चों की मौत अस्पताल में डिलीवरी के बाद इलाज के दौरान दर्ज की गई है।

आंकड़ों में छतरपुर ब्लॉक सबसे ऊपर है, जहां 179 नवजातों की मौत हुई। इसके बाद बड़ा मलहरा- 43, बिजावर- 39, लवकुश नगर- 39, नौगांव- 36, राजनगर- 36, बक्स्वाहा- 20, गौरिहार- 10 नवजातों की मौत दर्ज की गई है। हालांकि, अप्रैल से नवंबर तक के एसएनसीयू (सिक न्यूबॉर्न केयर यूनिट) के आंकड़ों के अनुसार नवजात मृत्यु दर में लगातार गिरावट का दावा किया जा रहा है। नवंबर तक एसएनसीयू में 176 नवजातों की मौत दर्ज की गई है।

## 3 नई एयरलाइंस को केंद्र की हरी झंडी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

सरकार ने एविएशन सेक्टर में कॉम्पिटिशन बढ़ाने और बड़ी एयरलाइनों पर निर्भरता कम करने के लिए तीन नई एयरलाइंस को नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जारी किया है। इन एयरलाइंस के नाम शंख एयर, अलहिंद एयर और फ्लाई एक्सप्रेस हैं।

यह फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब हाल ही में इंडिगो के ऑपरेशन से जुड़ी दिक्कतें सामने आई थीं। इसके बाद सरकार को लगा कि भारतीय एविएशन सेक्टर में ज्यादा कंपनियों और विकल्पों की जरूरत है।

## तमिलनाडु में बस ने 2 कारें कुचलीं, 9 की मौत, 4 घायल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई**

तमिलनाडु के कडलूर जिले में बुधवार रात सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि तिरुचिरापल्ली से चेन्नई जा रही रोडवेज बस का स्टेट हाईवे पर टायर फट गया था। बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ती हुई दूसरी लेन में चली गई और सामने से आ रहीं 2 कारों को कुचल दिया। दोनों कारें बस के नीचे फंसकर पूरी तरह चकनाचूर हो गईं।

हादसे की सूचना मिलते ही तित्ताकुडी और रामनाथम पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से फंसे लोगों को बाहर निकाला। घायलों को तित्ताकुडी और पेरंबलूर के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## दैनिक वेतन भोगियों के पद समाप्त कर इन्हें अधिकार विहीन कर दिया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी, अंशकालीन कर्मचारी एवं श्रमिक वित्त विभाग द्वारा जारी किए गए पद समाप्त करने वाले ताजे आदेश के विरोध में कर्मचाारी संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। कर्मचारी संगठनों का आरोप है कि सरकार ने चुपचाप मंत्री परिषद में निर्णय लेकर स्थाई कर्मियों के पदों को सांख्येत्तर घोषित करके बंधुआ मजदूर बना दिया गया है। दैनिक वेतन भोगियों के पद समाप्त कर इन्हें अधिकार विहीन कर दिया है। अंशकालीन सहित अन्य निचले संवर्गों के डेढ़ लाख पद समाप्त किए गए है। इससे डेढ लाख कर्मचारियों को अधिकार विहीन कर दिया है।

गौरतलब है कि मोहन कैबिनेट में कर्मचारियों की श्रेणी तय किए जाने के बाद वित्त विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। इसमें आउटसोर्स



कर्मचारियों की नियुक्ति निजी एजेंसियों के माध्यम से की जाएगी और इनके लिए कोई पद सृजित नहीं माना जाएगा। आउटसोर्स सेवाएं मार्च 2027 तक चरणबद्ध रूप से समाप्त कर नियमित भर्ती की जाएगी। इधर आउटसोर्सिंग को लेकर सरकार के फैसले के बाद अब इसका विरोध भी शुरू हो गया है और आउटसोर्स अधिकारी, कर्मचारी आंदोलन की रणनीति बनाने में जुट गए हैं। कैबिनेट के फैसले के बाद वित्त विभाग द्वारा राज्य शासन के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की श्रेणियों को लेकर नए नियम एवं दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

**मार्च 2027 तक चरणबद्ध रूप से समाप्त कर नियमित भर्ती की जाएगी**

शासन ने स्पष्ट किया है कि संविदा पदों पर नियुक्ति केवल निर्धारित अवधि के लिए होगी तथा इन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं सेवा समाप्ति संबंधी नियम लागू होंगे। आउटसोर्स कर्मियों की नियुक्ति निजी एजेंसियों के माध्यम से की जाएगी और इनके लिए कोई पद सृजित नहीं माना जाएगा। आउटसोर्स सेवाएं मार्च 2027 तक चरणबद्ध रूप से समाप्त कर नियमित भर्ती की जाएगी। राज्य शासन के विभिन्न विभागों में अंशकालीन, सफाई कर्मी, माली, चौकीदार आदि कर्मियों को आवश्यकता अनुसार निर्धारित मानदेय का भुगतान किया जाएगा। इनका पारिश्रमिक बजट की उद्देश्य शीर्षों से वहन किया जाएगा। वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के बाद कर्मचारी संघों ने भी अपना पक्ष रखा है।



## खबर एक नजर...

### क्षीर सागर स्टेडियम के आसपास खड़ी गाड़ियां की गई जप्त

**उज्जैन।** क्षीर सागर स्टेडियम के आसपास चार पहिया वाहन चालकों ने अघोषित पार्किंग स्थल बना लिया था। जिसकी वजह से क्षेत्र में यातायात बाधित हो रहा था, वहीं आम नागरिकों के साथ खिलाड़ियों को आवागमन में असुविधा हो रही थी। यातायात पुलिस की संज्ञान में मामला आते ही बुधवार को यातायात डीएसपी विक्रम कनपुरिया, दिलीपसिंह परिहार टीम के साथ क्षीर सागर पहुंचे और वाहनों को जप्त कर यातायात थाना परिसर पहुंचाया। डीएसपी परिहार ने बताया कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित और सुचारू बनाये रखने के लिये लगातार कार्रवाई की। सड़क किनारे और प्रतिबंधत स्थानों पर खड़ी ऐसी गाड़ियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इस तरह की कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य सड़क पर जाम की स्थिति को समाप्त करना और दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम कर आम नागरिकों के सुरक्षित आवागमन की सुविधा प्रदान करना है। डीएसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर खड़ा करें। यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त और वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।

### 11.30 लाख की धोखाधड़ी में फरार दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**उज्जैन।** गोल्ड लोन टेकओवर कराने के नाम पर फर्जी रसीद दिखाकर 11.30 लाख की धोखाधड़ी में फरार दूसरा आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। आरोपी के साथी को 21 दिसंबर की रात गिरफ्तार किया था, जिसे चार दिनों की रिमांड पर लिया गया था। माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि 16 दिसंबर को मणप्पुराम फाइनेंस लिमिटेड की मैनेजर संध्या यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रामगोपाल विश्वकर्मा और उसके साथी अंशुल दांगी के द्वारा फर्जी रसीदें दिखाकर गोल्ड लोन टेकओवर कराने की बात कहते हुए उनकी फाइनेंस कंपनी से 11.30 लाख का आरटीजीएस कराकर धोखाधड़ी की है। शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच में लिया गया था। 21 दिसंबर की रात विदिशा के रहने वाले अंशुल डांगी को गिरफ्तार कर लिया गया था, जिसे न्यायालय में पेशकर चार दिनों की रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ के दौरान उसके साथी रामगोपाल विश्वकर्मा का पता चलने पर उसे भी गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में पता चला कि रामगोपाल ने 11.30 लाख रुपए अपने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक खाते में आरटीजीएस कराये थे। उसने नियमानुसार उक्त राशि आईआईएफएल फाइनेंस में जमा ना करते हुए अपने दोस्त अंशुल के बैंक ऑफ बड़ौदा खाते में आरटीजीएस कर दिये थे और मणप्पुरम फाइनेंस कर्मचारियों को चकमा देकर भाग निकले थे। उनके द्वारा धोखाधड़ी कर हड़पी गई राशि को बैंक के माध्यम से फ्रीज करा दिया गया है।

### सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष प्रसंग के साथ श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णाहुति

**उज्जैन।** क्षीरसागर स्थित नीमा धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन बुधवार को कथाव्यास गोवर्धनेश महोदय, अहमदाबाद ने सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष और पूर्णाहुति के प्रसंगों का संगीतमय रसपान करवाया। श्रीमद्भागवत जी की आरती के बाद ठाकुरजी की दान लीला मनोरथ के दर्शन हुए। गोवर्धन एम. नीमा ने बताया महाराज ने सात दिवसीय कथा में हर प्रसंग को संगीतमय शैली में प्रस्तुत किया। कथा के दौरान नृत्यांगना सोनल नीमा, मयूरी नीमा, प्रवीणा नीमा, दीपा नीमा और ऋचा नीमा ने सुंदर प्रस्तुतियां दीं। नीमा पंचायत, नीमा युवक संगठन, चतुर्वेदी समाज, गुजराती समाज और माहेश्वरी समाज की कार्यकारिणी ने महाराज का स्वागत किया। लक्ष्मीनारायण नीमा, जितेंद्र गांधी, गिरधर गोपाल नीमा, ब्रजमोहन नीमा, मोहनलाल नीमा, कमलेश नीमा आदि मौजूद थे।

# उज्जैन के चक्रतीर्थ का कायाकल्प पूरा

## एयरपोर्ट की तर्ज पर बना टेंसाइल फैब्रिक शेड, 1 करोड़ से अधिक लागत से काम पूरे







ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के चक्रतीर्थ में सौंदर्यीकरण और विकास का काम पूरा हो गया है। नगर निगम ने यहां एयरपोर्ट की तरह आधुनिक टेंसाइल फैब्रिक शेड बनाया है। लोगों की सुविधा और धार्मिक स्थल की गरिमा को ध्यान में रखते हुए इस काम पर एक करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किया गया है। महापौर मद से 76 लाख रुपए खर्च कर 80 मीटर लंबा खास टेंसाइल फैब्रिक डोम शेड बनाया गया है। इसके अलावा निगम मद से 25 लाख रुपए खर्च कर अन्य जरूरी सुविधाएं भी विकसित की गई हैं।

दाह संस्कार स्थल पर लगे पुराने और खराब पतरे हटा दिए गए हैं और उनकी जगह नए शेड लगाए गए हैं। यहां बैठने की बेहतर व्यवस्था की गई है। साथ ही रंगाई-पुताई, टॉयलेट निर्माण और रखरखाव, ओटलों का निर्माण, उनकी रंगाई-पुताई और मार्किंग जैसे कई जरूरी काम किए गए हैं। महापौर मुकेश टटवाल ने बताया कि एयरपोर्ट की तरह बने इस टेंसाइल फैब्रिक शेड से लोगों को गर्मी, धूप और बारिश से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया है। शेड के पाइप लगाने के लिए 6 फीट गहरे गड्ढे किए गए हैं, जिससे यह ढांचा लंबे समय तक मजबूत और सुरक्षित रहेगा। यह पूरा काम कार्यपालन यंत्री पी.सी. यादव, सहायक यंत्री डी.एस. परिहार और उपयंत्री प्रवीण वाडिया की लगातार निगरानी में कराया गया।

### नए वर्ष पर मंदिर समिति लगाएगी अतिरिक्त काउंटर

# महाकाल मंदिर के भक्तों को सहजता से मिलेगा लड्डू प्रसाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में वर्ष के अंतिम दिनों और नए वर्ष के पहले सप्ताह में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भगवान महाकाल का प्रसाद आसानी से उपलब्ध कराने के लिए मंदिर समिति ने अतिरिक्त प्रसाद काउंटर लगाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही प्रसाद निर्माण इकाई में भी तैयारियां शुरू हो गई हैं।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में मिलने वाले भगवान महाकाल के लड्डू प्रसाद की मांग पर्वों, त्योहारों और नए वर्ष के अवसर पर काफी बढ़ जाती है। शुद्ध देशी घी से निर्मित यह लड्डू प्रसाद श्रद्धालु अपने साथ घर ले जाते हैं।

हर साल अंग्रेजी नव वर्ष पर देशभर से लाखों श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इस बार भी लाखों दर्शनार्थियों के आने का अनुमान है। सभी को सहजता से प्रसाद उपलब्ध कराने के लिए मंदिर समिति ने विशेष व्यवस्था की है।




समिति हर वर्ष की तरह इस बार भी वर्ष के अंतिम दिन और नए वर्ष के पहले दिन मंदिर परिसर में स्थित आठ प्रसाद काउंटरों के अतिरिक्त काउंटर लगाएगी। ये काउंटर बड़ा गणेश मंदिर और विक्रमादित्य टीले के पास सहित अन्य आवश्यक स्थानों पर होंगे।

प्रसाद निर्माण इकाई में भी लड्डू प्रसाद का अतिरिक्त स्टॉक रखने के लिए अधिक मात्रा में प्रसाद बनाने का काम शुरू हो गया है। सामान्य दिनों में यहां करीब 50 से 60 क्विंटल प्रसाद तैयार होता है, जबकि विशेष अवसरों पर अलग से निर्माण किया जाता है।

मंदिर समिति 400 रुपए प्रति किलो के भाव से प्रसाद का विक्रय करती है। यह प्रसाद 100 ग्राम, 200 ग्राम, 500 ग्राम और एक किलो के पैक में उपलब्ध रहता है।

पिछले वर्ष दिसंबर के अंतिम दिन और नए वर्ष के पहले दिन, दो दिनों में 150 क्विंटल प्रसाद की बिक्री हुई थी, जिससे मंदिर समिति को लगभग 70 लाख रुपए की आय हुई थी। इस बार अधिक भीड़ के अनुमान को देखते हुए उसी आधार पर तैयारियां की जा रही हैं।

### भाई बोला बहन को ससुराल वालों ने जहर देकर मारा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ग्राम घौंसला से मंगलवार को 2 बच्चों की मां को पड़ोस में रहने वाली महिला बेसुध हालत में अस्पताल लेकर पहुंची थी। रात में 2 बच्चों की मां की निजी अस्पताल में मौत हो गई। मायके से आये भाई ने ससुराल वालों पर जहर देकर मारने का आरोप लगाया। पुलिस मायके और ससुराल पक्ष के बयान दर्ज कर जांच शुरू करेगी।

माकडोन की रहने वाली पूजा 32 साल का 10 साल पहले ग्राम घौंसला में रहने वाले दीपक पाटीदार से विवाह हुआ था। पूजा 2 बच्चों की मां थी, जिसे मंगलवार को पडोस में रहने वाली संगीता बेसुध हालत में उपचार के लिये उज्जैन लेकर पहुंची थी। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान पूजा के जहर खाने की जानकारी डॉक्टरों द्वारा दी गई। रात में पूजा की मौत हो गई। माकडोन से पूजा के मायके वाले उज्जैन पहुंच गये थे। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान पूजा की मां कलाबाई ने बताया कि पूजा का कॉल आया था, उसने पति और सास-ससुर मारपीट करना बताया था, उसे ससुराल वालों से बात करने की बात कहीं थी, लेकिन शाम को पता चला कि अस्पताल में भर्ती है। वहीं भाई सुनील ने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने बहन को जहर देकर मारा है। बहन का पति शराबी है, उनका एक बेटा ननिहाल माकडोन में रहता है। पति द्वारा आये दिन मारपीट कर बहन का प्रताड़ित किया जाता था। माधवनगर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मामले की जांच राघवी थाना पुलिस द्वारा की जाने की बात कही।

### फार्मा कंपनी भी लगाएगी यूनिट, युवाओं और वेंडर को पोर्टल पर मिलेगी उद्योगों की जानकारी

# उज्जैन में अडानी ग्रुप 1500 करोड़ रुपए का निवेश करेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के विक्रम उद्योगपुरी में 17 हजार करोड़ रुपए की नई इंडस्ट्री लगने के बाद जल्द ही फार्मा की नई इंडस्ट्री और अडानी ग्रुप भी 1500 करोड़ रुपए के नए इंवेस्टमेंट कर उज्जैन में नई इंड्रस्ट्री लगाएंगे। इतनी बड़ी इंडस्ट्री लगने के बाद एमपीआईडीसी एक पोर्टल बनाकर लॉन्च करेगी जिसमे किस इंडस्ट्री में रोजगार है किसे वेंडर की जरूरत है उन सभी की डिटेल उस पोर्टल में मौजूद रहेगी।



बुधवार को एमपीआईडीसी ने बीते 2 वर्षों में संभाग में लगी नई इंडस्ट्री के बारे में जानकारी देने के लिए विक्रम उद्योगपुरी में एमपीआईडीसी के निदेशक राजेश राठौर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए प्रजेंटेशन में बताया कि सीएम डॉ. मोहन यादव प्रयासों दो वर्ष में उज्जैन संभाग में 38 हजार करोड़ और उज्जैन में जिले में 17 हजार करोड़ का इंवेस्टमेंट आया है, जिसमें कई बड़ी नामी कंपनी भी शामिल हैं। जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिला है। अभी 25 हजार करोड़ के नए प्रस्ताव मिले हैं। उज्जैन में जल्द ही नई फार्मा इंडस्ट्री आएगी। लोकल वेंडर और यहां के युवा के लिए जो रोजगार की सूचना मिलती रहे इसके लिए जल्द ही एक पोर्टल लॉन्च करेंगे। साथ ही दो उद्योग यहां बच्चों को ट्रेनिंग भी देंगे।

उज्जैन
गुरुवार
25
दिसम्बर, 2025

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

आयु: कर्म वित्तञ्च विद्या निधनमेव च।
पञ्चैतानि हि सृज्यन्ते गर्भस्थस्यैव देहिनः॥
अर्थ: आयु, कर्म, वित्त, विद्या, निधन ये पांचों चीजें प्राणी के भाग्य में तभी लिख दी जाती हैं, जब वह गर्भ में ही होते हैं।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में पुलिस ने की 31 दिसंबर की प्लानिंग

**इंदौर।** 31 दिसंबर को लेकर इंदौर में पुलिस ने प्लानिंग की है। होटल, पब, बार, फॉर्म हाउस, मैरिज गार्डन संचालकों को बताया कि उन्हें 31 दिसंबर को क्या करना है और कैसे करना है। इसके साथ ही उन्हें कई दिशा-निर्देश दिए है। दरअसल, 31 दिसंबर यानी नए साल को देखते हुए सुरक्षा, शांति व्यवस्था, ट्रैफिक के सुचारू संचालन और ध्वनि नियंत्रण को देखते हुए इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने इंदौर पुलिस को सभी से समन्वय कर प्रभावी कार्रवाई करने के लिए कहा। जिसके बाद पुलिस के आला अधिकारियों सहित कुछ थाना प्रभारियों के साथ मिलकर बार-पब, होटल, फॉर्म हाउस, मैरिज गार्डन संचालकों के साथ चर्चा की। खासतौर पर विजय नगर, बायपास सहित अन्य छोटे-बड़े होटल,बार-पब संचालकों को बुलाया। इसमें करीब 150 लोग शामिल हुए। इसमें पुलिस अधिकारियों ने दोनों बातें बताई यानी इस दिन क्या करना है और क्या नहीं करना है। पुलिस अधिकारियों ने ये भी बताया कि विवाद होने या कोई अप्रिय घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दे। पुलिस और इमरजेंसी नंबर आवश्यक रूप से प्रदर्शित करें। निर्देशों का सख्ती से पालन करने होगा अगर नियमों का उल्लंघन करते मिलने पर लाइसेंस निरस्तीकरण, सीलिंग, जुर्माना और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी अप्रिय घटना के संबंध में पूरी जिम्मेदारी आयोजक प्रबंधक की होगी।

### नवविवाहिता के सुसाइड मामले में पति गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नवविवाहिता द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने उसके पति और सास को आरोपी बनाया है। मायके पक्ष के बयान के आधार पर पुलिस ने मंगलवार को एफआईआर दर्ज कर ली है। बुधवार सुबह पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लिया। वहीं सास की तलाश जारी है। थाना प्रभारी (टीआई) सुशील पटेल के अनुसार 21 वर्षीय पायल जादम की 21 दिसंबर को जहर खाने से मौत हो गई थी। मामले की जांच एसीपी स्तर पर की गई, जिसमें पति हेमप्रकाश जादम और सास आशा जादम पर दहेज की मांग और लगातार प्रताड़ना के आरोप सामने आए हैं। इसके आधार पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया। टीआई ने बताया कि आरोपी पति हेमप्रकाश को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उसकी मां आशा जादम फरार है, जिसकी तलाश के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है। हेमप्रकाश मूल रूप से सीधी जिले का रहने वाला है और मजदूरी करता है। पायल खंडवा की रहने वाली थी। दोनों की शादी तीन साल पहले हुई थी और उनका डेढ़ साल का एक बेटा भी है।

### निलंबित आबकारी अफसर मंदाकिनी को राहत नहीं

**इंदौर।** शराब ठेकेदार की आत्महत्या के मामले में सहायक आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित को शासन ने निलंबित कर दिया। आरोप है कि सहायक आबकारी अधिकारी दीक्षित की प्रताड़ना से तंग आकर ठेकेदार ने आत्महत्या की। मामले में मंदाकिनी दीक्षित ने निलंबन के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने फिलहाल अंतरिम राहत नहीं दी और सरकार को इस मामले में स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं। दीक्षित ने याचिका में उल्लेख किया कि उनका पक्ष सुने बिना ही शासन ने उन्हें निलंबित कर दिया। वहीं, शासन ने हाई कोर्ट में कहा कि यह याचिका चलने योग्य नहीं है। निलंबित अफसर को पहले राज्यपाल के समक्ष अपनी बात रखनी चाहिए थी। वहां प्रतिवेदन दिए बिना ही हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी गई। इस घटना की पुलिस अभी जांच कर रही है। दीक्षित का ऑडियो भी सामने आया है, जिसमें शराब ठेकेदार को प्रताड़ित किए जाने की बात सामने आई है। ऐसे में बहाल किया गया तो पद पर रहते हुए साक्ष्य प्रभावित किए जा सकते हैं।

---

### एमपीसीए की बैठक, संभागीय मैचों में लाइट मीटर इस्तेमाल होंगे, महिला अंपायरों का पैनल बनेगा

# 18 जनवरी के मैच लिए 6.5 करोड़ का बजट पास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में 18 जनवरी से होने वाले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए 6.5 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया है। हालांकि, टिकट वितरण को लेकर प्रस्तावित नई व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यह राशि मध्य प्रदेश क्रिकेट संगठन की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में तय हुई है।

एमपीसीए की सीडीसी में युवाओं के प्रतिनिधित्व पर भी चर्चा हुई। प्रदेश के विभिन्न जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को संभागीय टीमों में अवसर दिलाने के लिए अब क्रिकेट विकास समिति (सीडीसी) पहल करेगी। इंदौर के होलकर स्टेडियम में एमपीसीए अध्यक्ष महानआर्यमन सिंधिया की अगुआई में प्रबंधकारिणी समिति की बैठक हुई। सीडीसी ने जिला क्रिकेट को मजबूत करने के लिए मानिटरिंग पर जोर दिया। अक्सर संभागीय टीमों में छोटे जिलों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी जगह नहीं बना पाते हैं।



यह मुकाबला मध्य प्रदेश में खेला जाने वाला 29वां अंतर्राष्ट्रीय वनडे और होलकर स्टेडियम में आयोजित आठवां वनडे मैच होगा। इससे पहले होलकर स्टेडियम में 24 सितंबर 2023 को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे मुकाबला खेला गया था।

भारत-न्यूजीलैंड के बीच यह मैच 2025-26 की द्विपक्षीय व्हाइट-बॉल सीरीज का हिस्सा है। इस श्रृंखला में कुल 3 वनडे और 5 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। पहले वनडे सीरीज होगी, इसके बाद टी-20 सीरीज का आयोजन किया जाएगा।

इंदौर के होलकर स्टेडियम में 18 जनवरी 2026 को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जाने वाले डे-नाइट वनडे मैच के लिए टिकटों की दरें तय कर दी गई हैं। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) के अनुसार इस मुकाबले के लिए सबसे सस्ता टिकट 800 रुपए, जबकि सबसे महंगा टिकट 7,000 रुपए रखा है।

टिकट की कीमतें स्टैंड और गैलरी के अनुसार तय की गई हैं। साउथ पवेलियन में लोअर फ्लोर के टिकट 5,500 रुपए, फर्स्ट फ्लोर 7,000 रुपए, सेकेंड फ्लोर 6,500 रुपए और थर्ड फ्लोर 5,000 रुपए रखे गए हैं। वहीं, ईस्ट और वेस्ट स्टैंड के टिकट 800 रुपए से 1,500 रुपए तक की श्रेणियों में उपलब्ध होंगे।

### संभागीय मैचों में यूज होंगे लाइट मीटर

अब सीडीसी ऐसे खिलाड़ियों पर नजर रखेगी और संभागीय संगठनों को इन्हें खिलाने का प्रस्ताव भी देगी। अंपायर कमेटी के सुझाव पर अब संभागीय मैचों में लाइट मीटर इस्तेमाल होंगे। साथ ही महिला अंपायरों का पैनल बनाया जाएगा। इसके लिए परीक्षा की प्रक्रिया की जाएगी। खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ सहित एमपीसीए के अधीन कर्मचारियों के वेतन-भत्ते बढ़ाने के प्रस्ताव भी चर्चा में आया। हालांकि कोई आधिकारिक फैसला नहीं हुआ है। महिला क्रिकेटरों को पेंशन के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इसके लिए नियम बनाए जाएंगे। इंफ्रास्ट्रक्चर कमेटी ने ग्वालियर स्टेडियम निर्माण के संदर्भ में जानकारी दी, जिन्हें स्वीकृत किया गया है। होलकर स्टेडियम में मैच के बाद मीडिया बॉक्स की लिफ्ट भी बदली जाएगी।

---

# इन्फ्लूएंसर को पूछताछ के लिए थाने बुलाएगी पुलिस

### वर्दी पहनने पर नकली गोविंदा मांग चुके हैं माफी, हेड कांस्टेबल से लिखवाया आवेदन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के हीरानगर में सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर का एक वीडियो वायरल हुआ था। इस वायरल वीडियो में वह एक पुलिसकर्मी गोरख खेम के साथ बदसलूकी करते हुए दिखा था। भीड़ इकट्ठा कर वह जबरदस्ती माफी मंगवाने की बात करते नजर आया था। इस मामले की जानकारी वरिष्ठ अफसरों तक पहुंची तो उन्होंने मामले में संज्ञान लिया है। सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर के खिलाफ हेड कांस्टेबल ने भी लिखित में शिकायत दी है। इसे लेकर अफसर कार्रवाई का मन बना चुके हैं।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक इन्फ्लूएंसर सोनू उर्फ पंकज वर्मा को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ। जिसमें वह हीरानगर के एक हेड कांस्टेबल के साथ बदसलूकी करते नजर आ रहा है। इस मामले को संज्ञान में लिया गया है। वहीं वरिष्ठ अफसरों के आदेश के बाद मामले में सोनू पर कार्रवाई की जा रही है।



**डायल 112 के पाइंट पर पहुंचा था पुलिसकर्मी-** इस मामले में टीआई सुशील पटेल ने गोरख को बुलाकर पूछताछ की। उसने बताया कि रात में वह ड्यूटी पर था। उसे डॉयल 112 से पाइंट मिला था। जिसमें सूचना के बाद वह मौके पर पहुंचा था। यहां भीड़ में मौजूद सोनू की उससे धक्का-मुक्की हुई। इसके बाद वह खुद को सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर बताते हुए विवाद करने लगा। उसने मौके पर वीडियो बनाया और माफी मांगने की बात करते रहा। वह यहां पर कार्रवाई को बीच में रोक रहा था। अफसरों के कहने पर गौरख खेम से एक लिखित आवेदन लेकर कार्रवाई की बात कही गई।

**इस तरह के व्यवहार चिंताजनक है: डीसीपी-** एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने इस तरह के इन्फ्लूएंसर के व्यवहार को चिंताजनक माना है। उन्होंने बताया कि किसी को पुलिस की कार्रवाई को रोकने का इस तरह का अधिकार नहीं है। इंदौर कमिश्नरी में पुलिस पर किसी तरह का दबाव बर्दाश्त नही किया जाएगा।

**नकली गोविंदा मांग चुका है माफी-** कुछ दिन पहले नकली गोविंदा का वीडियो पुलिस वर्दी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मध्य प्रदेश पुलिस की वर्दी पहनकर उसने एक वीडियो बनाया था। जब मामले की जानकारी इंदौर पुलिस के अफसरों को लगी थी तो एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया से आफिस आकर सार्वजनिक रूप से उसने माफी मांगी थी।

---

# अमेरिका में कराए 3 करोड़ 72 लाख फ्रीज

### इंदौर की कंपनी को स्टेट साइबर सेल ने बड़े फर्जीवाड़े से बचाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर की निजी कंपनी शिवगंगा डीलर्स प्राइवेट लिमिटेड ने स्टेट साइबर सेल में करोड़ों की ठगी को लेकर कुछ दिन पहले शिकायत की थी। मामले में भारतीय साइबर पोर्टल से अमेरिकी साइबर पोर्टल पर संपर्क कर उक्त अमाउंट फ्रीज कराया गया। जिसमें करोड़ रुपए बचाए गए।

टीआई दिनेश वर्मा ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि स्टेट साइबर सेल इंदौर द्वारा भारतीय साइबर पोर्टल पर शिवगंगा डीलर्स प्राइवेट लिमिटेड ने शिकायत की थी। जिसमें बताया कि अमेरिका के हॉउसटन स्थित उसकी कंपनी के वेंडर, इनोवेक्स इंटरनेशनल इंक को 415,017.58 डॉलर इंडियन करेंसी में लगभग 3.72 करोड़ रुपए इंटरनेशनल ट्रांजेक्शन के माध्यम से व्यापारिक भुगतान किया जाना था। इसमें साइबर अपराधियों ने बिजनेस ईमेल कंप्रोमाइज (बीईसी) तथा स्पूफिंग ईमेल का उपयोग कर करोड़ों रुपए अंतरराष्ट्रीय फॉरेन रेमिटेंस, अमेरिका की जेपी मॉर्गन बैंक के एक संदिग्ध एकाउंट में धोखाधड़ी से ट्रांसफर करवा ली।

---

### हाईकोर्ट का आदेश- अगली सुनवाई में पुलिस कमिश्नर पेश हो, आरोपी ने लगाई थी जमानत याचिका

# युवती की आत्महत्या की जांच में सुप्रीम कोर्ट की अवमानना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर हाई कोर्ट ने एक युवती की आत्महत्या के मामले में आजाद नगर थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सख्त नाराजगी जताई है। कोर्ट ने इसे सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना मानते हुए पुलिस कमिश्नर इंदौर को 12 जनवरी को तलब किया है।

जस्टिस सुबोध अभ्यंकर की सिंगल बेंच ने आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। मामला आजाद नगर थाना क्षेत्र का है, जहां एक युवती ने अपने प्रेमी विकास के शादी से इनकार करने के बाद आत्महत्या कर ली थी। आरोप है कि पुलिस ने जांच में आरोपी का मोबाइल जब्त नहीं किया और उसके माता-पिता को भी आरोपी नहीं बनाया।



मृतका के माता-पिता के बयान में बताया गया कि उनकी बेटी पिछले दो साल से आरोपी के साथ रिश्ते में थी। जब वे शादी की बात करने आरोपी के घर गए तो उसके माता-पिता ने 50 लाख रुपए की मांग की और यह कहकर शादी से इनकार कर दिया कि उनके बेटे के कई लड़कियों से संबंध हैं। इस घटना से आहत होकर युवती ने यह कदम उठाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बाद में आरोपी की ओर से हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर की गई। जमानत सुनवाई के दौरान मृतका के माता-पिता की ओर से अधिवक्ता मनीष यादव, संतोष यादव और करण बैरागी ने दलील दी कि पुलिस ने आरोपी को बचाने के इरादे से मोबाइल जब्त नहीं किया और इसी कारण उसके माता-पिता को भी आरोपी नहीं बनाया गया।

### 12 जनवरी को होगी अगली सुनवाई

कोर्ट ने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जांच अधिकारी को तलब किया था। जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा और बाद में आरोपी और मृतका के बीच हुई चैट के आधार पर आरोपी को 12 जनवरी 2026 तक अंतरिम जमानत दे दी। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख भी 12 जनवरी तय की है और उस दिन पुलिस कमिश्नर इंदौर को खुद उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। आदेश में कोर्ट ने आजाद नगर थाना पुलिस की कार्यप्रणाली को सुप्रीम कोर्ट की अवमानना मानते हुए कड़ी टिप्पणी की है।

## खबर एक नजर...

### सुशासन सप्ताह के अंतर्गत किया कार्यशाला का आयोजन

**उज्जैन।** मंगलवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभाकक्ष में सेवा निवृत्त आईएएस अधिकारी आशीष सक्सेना के मुख्य आतिथ्य में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत सुशासन प्रथाओं और पहल पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट, वनमंडलाधिकारी अनुराग तिवारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि विगत 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत जल शक्ति अभियान, खेत तालाब, अमृत सरोवर फेज 2 कूम रिचार्ज , मत्स्य पालन विभाग के अंतर्गत किए जाने वाले उल्लेखनीय कार्य एवं नवाचार, विभाग द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य, सफलता की कहानी, आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वसहायता समूह, प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण, लखपति दीदी, शक्ति दीदी योजना, बीमा सखी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग तथा अन्य विभागों द्वारा भी किए गए नवाचारों के बारे में विस्तार से बताया गया। श्री सक्सेना ने इस अवसर पर कहा कि सुशासन के लिए स्मार्ट वर्क की आवश्यकता है। इसमें अंग्रेजी के स्टअफ्ळ शब्द को ध्यान में रखकर हमें कार्य करना चाहिए। प्रशासकीय कार्य को स्मार्ट के पहले अक्षर स के अनुसार सरल तरीके से क्रियान्वित कर आमजन के लिए कार्य करना चाहिए।

### निर्माण अनुमति निरस्त के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**उज्जैन।** अंकपात मार्ग स्थित विनोद चोपड़ा के भूखंड पर भवन निर्माण की अनुमति निरस्त किए जाने के विरोध में भवन स्वामियों ने नगर निगम गेट पर प्रदर्शन कर निगमायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि विधिवत अनुमति दिए जाने के बाद बिना किसी ठोस आधार के भवन निर्माण की अनुमति निरस्त की गई, जो कि नियम विरुद्ध है। मामले में भवन स्वामियों ने बताया कि निगम से अनुमति 17 सितंबर 25 को लेकर निर्माण शुरू किया था। बावजूद अनुमति निरस्त कर दी गई। 13 अक्टूबर 25 को जोन क्रमांक दो के भवन निरीक्षक, प्रभारी लिपिक एवं पटवारी द्वारा निरीक्षण किया गया।

## एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूची को लेकर हुई जिला कांग्रेस की बैठक

### 28 दिसंबर को उज्जैन जिले की प्रत्येक विधानसभा में मनाया जाएगा कांग्रेस का स्थापना दिवस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

एसआईआर प्रक्रिया के बाद निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रकाशित मतदाता सूची को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक शहर कांग्रेस कार्यालय में 24 दिसंबर को आयोजित की गई। जहां प्रकाशित मतदाता सूची ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों को बुलाकर उन्हें वितरित की गई ताकि वे वार्ड स्तर तक इस सूची को पहुंचाए जिससे लोग सूची में अपना नाम देख सकें वहीं पार्टी के सभी बीएलए तक यह मतदाता सूची पहुंच सके। विधायक एवं जिलाध्यक्ष महेश परमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी सहित उज्जैन जिले के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहनसिंह पलदुना इंगोरिया ब्लॉक, मधुसुदन भारद्वाज बडनगर ब्लॉक, रईस कुरेशी बडनगर शहर, अनोखीलाल राठौर भाटपचलाना (खरसोद कला) ब्लॉक, जीवन पाटीदार खाचरोद ब्लॉक, राधेश्याम चंद्रवंशी नागदा ग्रामीण ब्लॉक, लोकेश चौहान नागदा ब्लॉक, भरत शर्मा महिदपुर रोड (गोगापुर) ब्लॉक, कैलाश बगाना महिदपुर ब्लॉक, सगीर बैग महिदपुर शहर, कमलसिंह चौहान झारडा ब्लॉक, मनीष शर्मा माकडोन शहर, निहालसिंह गुर्जर माकडोन ब्लॉक मौजूद रहे।

## समाज कार्य को समाज सेवा से अलग समझने का समय आ गया है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




भारत में यह मान्यता चली आ रही है कि समाज सेवा ही समाज कार्य है। वैश्विक परिदृश्य में दोनों पहलू अलग-अलग हैं। समाजसेवा हर एक मनुष्य का कर्तव्य है और भारत में इसे धर्म की संज्ञा भी दी गई है, जबकि शेष विश्व यह मानता है कि समाज के वंचित वर्ग को ऊपर उठाने के लिए प्रशिक्षित समाजकार्य विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है। ऐसे विशेषज्ञ समाज तथा उद्योग जगत को उपलब्ध कराने की भूमिका सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय महती रूप से निभा रहा है।

विश्वविद्यालय के अकादमिक सहयोग से सेवाधाम आश्रम द्वारा अंकित ग्राम में आयोजित दो दिवसीय द्वितीय इंटरनेशनल सोशल वर्कर कॉन्फ्रेंस में यह तथ्य देश-विदेश से आए विशेषज्ञों के व्याख्यान में निकलकर आए। कुलगुरु प्रोफेसर अर्पण भारद्वाज ने कहा प्रोफेशनल सोशलवर्क अब केवल शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहा अपितु आध्यात्मिक, सामाजिक समरसता तक भी फैल गया है और समाज को ऐसे प्रशिक्षित विशेषज्ञ उपलब्ध करवाने का दायित्व सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय वर्षों से निभा रहा है। समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभागाध्यक्ष डॉ ज्योति उपाध्याय ने विषय केंद्रित जानकारी देते हुए 1200 से अधिक प्रतिभागियों को आश्वस्त किया कि विषय चाहे सामाजिक कल्याण का हो अथवा सामाजिक सुरक्षा का, स्त्री कल्याण का हो या वंचित वर्ग के उत्थान का, धार्मिक और आध्यात्मिक उपायों से मनुष्य के उन्नयन का हो अथवा सामाजिक समरसता का; हर क्षेत्र में समाज कार्य विशेषज्ञों की आवश्यकता तेजी से बढ़ रही है और विभाग उनकी पूर्ति के लिए पांच से अधिक डिग्री तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित कर विश्वस्तरीय सैद्धांतिक तथा प्रायोगिक ज्ञान उपलब्ध करवा रहा है। अंकित ग्राम के संस्थापक सुधीर भाई गोयल ने कहा विगत 36 वर्षों में हजारों नर नारायण यहां आए हैं और हमने जाना है कि मनुष्य जीवन का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जो सेवा की आवश्यकता से अछूता है।

इसलिए कौशल से युक्त अर्थात स्किल्ड विशेषज्ञों की आवश्यकता तेजी से बढ़ रही है। अंकितग्राम अध्यक्ष डॉ ऋषिमोहन भटनागर ने कहा बौद्धिक रूप से ग्रसित, समाज से बहिष्कृत, शारीरिक रूप से दिव्यांग, मानसिक रूप से कमजोर वर्ग को जीवन के सम्मानजनक अवसर देने में यह कॉन्फ्रेंस विशेषज्ञों, सरकार तथा उद्योग जगत के मध्य एक सेतु का कार्य करेगी ।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने की राजनैतिक दलों के साथ बैठक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत उज्?जैन जिले में मतदाता सूची का प्रारुप प्रकाशन किया गया। कलेक?टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रौशन कुमार सिंह ने इस संबंध में प्रशासनिक संकुल भवन के द्वितीय तल स्थित सभाकक्ष में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मंगलवार 23 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारुप प्रकाशन किया गया है। इसके पश्चात आगामी 22 जनवरी तक इस संबंध में दावें आपत्तियां प्राप्त किए जाएंगे। 14 फरवरी तक नोटिस चरण और दावें आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। यदि इसमें कोई त्रुटि हो तो उसे सुधारने का समय 22 जनवरी तक है। इसके पश्चात मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी तक किया जाएगा।

बैठक में जानकारी दी गई कि मतदाता सूची के प्रारुप प्रकाशन के अनुसार उज्जैन जिले में कुल 2021 मतदान केंद्र है। तथा 14,58,616 मतदाता है। इएफ मेपिंग में 14,58,616 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन किया गया है। 48,035 मतदाताओं की मेपिंग नही हुई है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने बैठक में बताया कि नो मेपिंग का यह अर्थ बिल्कुल नहीं है कि उक्त मतदाताओं का नाम सूची से काटा गया है। इन लोगों को नोटिस दो प्रतियों में जारी किए जाएंगे और इन मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोजन द्वारा निर्धारित किए गए 11



दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज जारी करना होंगे।

### विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी रहे उपस्थित

विभिन्न विधानसभा क्षेत्रवार प्रत्येक बुथ लेवल पर मतदाता प्रारुप सूची का वाचन किया जा चुका है। मतदाता सूची के प्रारुप प्रकाशन का अवलोकन बुथ लेवल पर किया जा सकेंगा। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संदीप सिंह एवं उज्जैन उत्तर के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री एल एन गर्ग, उज्जैन दक्षिण की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्रीमती कृतिका भीमावत एवं निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### चलो पंचायत कार्यक्रम की चौपाल लगाई युवक कांग्रेस ने लगाई चौपाल

**उज्जैन।** चलो पंचायत कार्यक्रम के अंतर्गत मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया, उज्जैन जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव एवं दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष यशराज चावड़ा के नेतृत्व में उज्जैन में चलो पंचायत कार्यक्रम की चौपाल लगाई। इस अवसर पर प्रदेश युवा कांग्रेस संगठन प्रभारी चेतन चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं झोन प्रभारी स्वीटी पाटिल, प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद पटेल, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव, चंद्रभानसिंह चंदेल सहित उज्जैन जिला युवा कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अडानी ग्रुप 1500 करोड़ रुपए का निवेश करेगाः फार्मा कंपनी भी लगाएगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के विक्रम उद्योगपुरी में 17 हजार करोड़ रुपए की नई इंडस्ट्री लगने के बाद जल्द ही फार्मा की नई इंडस्ट्री और अडानी ग्रुप भी 1500 करोड़ रुपए के नए इंवेस्टमेंट कर उज्जैन में नई इंड्रस्ट्री लगाएंगे। इतनी बड़ी इंडस्ट्री लगने के बाद एमपीआईडीसी एक पोर्टल बनाकर लॉन्च करेगी जिसमे किस इंड्स्ट्री में रोजगार है किसे वेंडर की जरूरत है उन सभी की डिटेल उस पोर्टल में मौजूद रहेगी।

बुधवार को MPIDC ने बीते 2 वर्षों में संभाग में लगी नई इंडस्ट्री के बारे में जानकारी देने के लिए विक्रम उद्योगपुरी में प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए प्रजेंटेशन में बताया कि सीएम डॉ. मोहन यादव प्रयासों दो वर्ष में उज्जैन संभाग में 38 हजार करोड़ और उज्जैन में जिले में 17 हजार करोड़ का इंवेस्टमेंट आया है, जिसमें कई बड़ी नामी कंपनी भी शामिल हैं। जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिला है। अभी 25 हजार करोड़ के नए प्रस्ताव मिले हैं। उज्जैन में जल्द ही नई फार्मा इंडस्ट्री आएगी।

## यूथ कांग्रेस का चलो पंचायत अभियान उज्जैन से शुरू

### सरकार की विफलताओं पर उठाएगी आवाज, आने वाले दिनों में कलेक्ट्रेट और नगर निगम का घेराव करेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन के बाद यूथ कांग्रेस ने आज चलो पंचायत अभियान की शुरूआत की। यह अभियान उज्जैन से शुरू होकर प्रदेश के प्रत्येक जिले में पहुंचेगा, जहां भाजपा सरकार की कथित विफलताओं को जनता के बीच रखा जाएगा। यह बात यूथ कांग्रेस के मध्य प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने अभियान के शुभारंभ के दौरान कही।

यश घनघोरिया ने कहा कि प्रदेश में अराजकता का माहौल है। वोट चोरी, मनरेगा और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर जनता को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस का उद्देश्य है कि युवा आवाज उठाएगा, हर अधूरा वादा याद दिलाएगा। इस दौरान युवाओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी मांगों को बुलंद किया। मीडिया से चर्चा करते हुए यश घनघोरिया ने कहा कि यूथ कांग्रेस आने वाले दिनों में कलेक्ट्रेट और नगर निगम का घेराव करेगी और हर जिले में सरकार की नाकामियों को उजागर करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान कई वादे किए गए थे, लेकिन आज तक कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ। रोजगार के अभाव में युवा पलायन करने को मजबूर हैं और प्रतिदिन प्रदेश से करीब 40 महिलाएं लापता हो रही हैं, जिस पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है।

मनरेगा से गांधी जी का नाम हटाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि गांधी जी का नाम और विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार संवेदनहीन हो चुकी है और अपनी सारी सीमाएं पार कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इन गंभीर मुद्दों पर तत्काल ध्यान देने की मांग की। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में 62.75 लाख से अधिक युवा आज बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। लाडली बहना योजना के बाद लाडला भाई को सिर्फ धोखा मिला है। डबल इंजन सरकार ने वादे तो डबल किए लेकिन नौकरियों की रफ्तार शून्य रही।

### रोजगार नहीं मिला

उन्होंने सवाल उठाया कि प्रदेश में 10.46 लाख से ज्यादा ओबीसी युवा नौकरी की तलाश में हैं, क्या बेरोजगारी का सबसे बड़ा बोझ पिछड़े वर्गों पर ही डाला जा रहा है? 2023 के भाजपा घोषणा-पत्र का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि हर परिवार को कम से कम एक नौकरी देने का वादा किया गया था, लेकिन ढाई साल बीत जाने के बाद भी किसी परिवार को रोजगार नहीं मिला। बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण के दौरान 10 हजार रुपये मासिक भत्ता देने का वादा भी किया गया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ। इस मौके पर अभियान प्रभारी स्वीटी पाटिल और उज्जैन जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर एक नजर...

### नृत्य प्रतियोगिता मे काव्या भार्गव रही प्रथम

**उज्जैन।** अखिल भारतीय भार्गव सभा के 134वें अधिवेशन के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता के 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग में उज्जैन की काव्या भार्गव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसके साथ ही नृत्य नाटिका में प्रस्तुत गणेश वंदना में काव्या के नृत्य को विशेष रूप से सराहा गया। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति और सुंदर मुद्राओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। काव्या ने नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसे निर्णायक मंडल डॉ पल्लवी किशन, प्रतिभा रघुवंशी, लोकेश तोमर एवं दर्शकों ने भरपूर सराहना प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय भार्गव सभा के प्रधान अनिल भार्गव, प्रधान सचिव संजय भार्गव एवं विजय भार्गव की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष सम्मान प्रदान किया

### डॉ. दिल्लीवाल ने महाकाल की तस्वीर भेंट कर किया राष्ट्रीय महासचिव का सम्मान

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय, नई दिल्ली में राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी.एल. संतोष का स्वागत डॉ. हितेश दिल्लीवाल उपाध्यक्ष ऑल इंडिया डेंटल सर्जन एवं स्टूडेंट ऑर्गेनाईजेशन (मध्य प्रदेश) द्वारा भगवान महाकाल का पावन दुपट्टा ओढ़ाकर तथा भगवान महाकाल की दिव्य तस्वीर भेंट कर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ किया गया।

डॉ. दिल्लीवाल ने बताया कि इस शिष्टाचार भेंट के अवसर पर संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ दंत चिकित्सकों एवं छात्रों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक एवं सार्थक संवाद भी हुआ।

# भाषा विभेद के षड़यंत्र को समझना चाहिए : प्रो बलदेव भाई शर्मा

### माधव कॉलेज में भारतीय भाषा परिवार द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




भाषा विभेद के षड़यंत्र को समझना चाहिए। भाषा को जिस तरह विवाद का विषय बनाया जा रहा है, वह चिंताजनक है। साम्राज्यवादियों ने भारतीय भाषाओं को समाप्त करने का षड़यंत्र रचा और उसमें सफल भी रहे। भारत में भाषाई विभेद को नकार देना चाहिए। भाषा का विचार करते समय हमें अपने सांस्कृतिक दृष्टिकोण का भी परिमार्जन करना चाहिए। अंग्रेजों ने हमारे दिमाग में जो जहर भर दिया है, उसे दूर करना पड़ेगा। हम अंग्रेजी भाषा का विरोध नहीं करते, लेकिन उसका उत्थान अपनी भाषाओं की कीमत पर नहीं होना चाहिए।

ये उद्गार प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शा माधव महाविद्यालय द्वारा भारतीय भाषा पर केंद्रित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि बुक टेस्ट ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष प्रो बलदेव भाई शर्मा ने व्यक्त किए। वरिष्ठ पत्रकार पंकज पाठक ने डॉ हरीश पाठक के उपन्यास ह्रागांठेह्र की समीक्षा करते हुए कहा कि यह उपन्यास हमारे मन की कई गांठें खोलता है। डॉ अरुण वर्मा ने प्रसिद्ध शायर महमूद जकी द्वारा रचित गजलों की प्रशंसा करते हुए उज्जैन का तराना को एक श्रेष्ठ रचना निरूपित किया। उन्होंने कहा कि शायरी का मिजाज बदलने का कार्य महमूद जकी ने किया है। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य प्रो कल्पना सिंह ने कहा कि भाषा विज्ञानी यहां मौजूद हैं।

## लय और लक्ष्य शर्मा राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप हेतु चयनित

**उज्जैन।** 26 से 28 दिसंबर को मंदसौर में होने जा रही 5वीं फुल कॉन्टैक्ट राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में उज्जैन के लय शर्मा और लक्ष्य शर्मा चयनित हुए हैं।

कराटे कोच ज्वलंत शर्मा के सुपुत्र लय शर्मा और लक्ष्य शर्मा वर्तमान में सेंट पॉल कॉन्वेंट स्कूल में अध्यनरत है। उनके चयन पर विद्यालय के मैनेजर फादर जैकब, प्रिंसिपल सिस्टर विनीता सहित सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सावन, शोएब, सदा मिर्जा, निधि शर्मा को मिली सफलता

**उज्जैन।** पॉवरलिफ्टिंग इंडिया के तत्वाधान में मध्य प्रदेश पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा श्री राम जिम ग्रुप के सहयोग से तीन दिवसीय वेस्टर्न इंडिया क्लासिक पॉवर लिफ्टिंग सब जूनियर, जूनियर, सीनियर महिला/पुरुष चैंपियनशिप का भव्य आयोजन इंदौर में किया गया।

उज्जैन जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जय सिंह यादव और सचिव कमल नंदवाना द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि उक्त चैंपियनशिप में मयंक जोशी ने सीनियर वर्ग 120 किलो ग्राम वजन समूह में स्क्वाड 322.5, बेंच प्रेस 155, डेड लिफ्ट 312.5 कुल 790 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड मेडल और सर्वाधिक वजन लिफ्ट कर स्ट्रांग मैन 2025 का खिताब अपने नाम किया।

## गुरु गोविंद सिंह प्रकाश पर्व पर 5 दिवसीय आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सिख पंथ के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाश पर्व पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों के साथ 23 दिसंबर से शुरू हो गया है। इस अवसर पर बुधवार सुबह शहर के सभी गुरुद्वारों से प्रभात फेरियां निकाली गईं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गुरुद्वारों में दिनभर कथा और कीर्तन के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

सिख समाज के संभागीय प्रवक्ता एसएस नारंग ने गुरबाणी की व्याख्या करते हुए बताया कि प्रत्येक सिख को प्रतिदिन गुरबाणी का पाठ करना और सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह शरीर परमात्मा का दिया हुआ है, इसलिए गुरु के बताए मार्ग पर चलते हुए ईश्वर के नाम का ध्यान करना चाहिए।

आयोजन श्रृंखला में 25 दिसंबर को दोपहर 2:30 बजे से नगर कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में शौर्य यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा सुबह 10 बजे गुरुद्वारा सुख सागर से शुरू होकर गुरुद्वारा माता गुजरी बुधवारिया पर समाप्त होगी। इस अवसर पर गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष इकबाल सिंह गांधी, संभागीय अध्यक्ष सुरजीत सिंह डंग, गुरु सिंह सभा के महासचिव जसविंदर सिंह ठकराल और गुरुद्वारा श्री दशमेश दरबार के प्रभारी जसवंत सिंह मक्कड़ सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## सायकल पोलो की राष्ट्रीय स्पर्धा - उज्जैन की 3 टीमें बिहार के लिये से आज होगी रवाना



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन-राष्ट्रीय सायकल पोलो स्पर्धा मध्यप्रदेश का 24 सदस्यो का दल 25 दिसंबर को उज्जैन से रवाना होगा। इस संबंध में हुई शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान पर टीम की घोषणा में 40 वी सब जूनियर, 44 वी जूनियर एवम 46 वीं सीनियर बालक वर्ग की मध्य प्रदेश टीम का चयन हुआ।

26 से 30 दिसंबर तक आरा भोजपुर (बिहार) मे प्रतियोगिता आयोजित की गई है। प्रतियोगिता ऑल बिहार सायकल पोलो असोसिएशन द्वारा आयोजित की गयी है। मध्यप्रदेश टीम के खिलाडी इसमें शामिल होंगे।

सब जूनियर वर्ग- विनायक राठोड, मयंक परमार, आशुतोष मालवीय, रोशन, विकास सूर्यवंशी, शांतनु, योगेश, एवम आयुष कोच - विवेक वैद्य

जूनियर वर्ग- आयुष मालवीय (कप्तान) पृथ्वीसिंह परस्ते, आदित्य मालवीय, आदित्य अजमेरी, नेपाल बामनिया, सुमित सिंह राठोड अखिलेश फुलेरिया एवम शिवम पाटीदार कोच - अजय भावे

सीनियर वर्ग- भीम खराडी कप्तान, आसूर्यवंशी, दिव्यांश परमार, आयुष मालवीय पृथ्वीसिंग परस्ते आदित्य मालवीय, आदित्य अजमेरी, ओलेश फुलेरिया कोच - अजय भावे ।

# भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर की मां शिप्रा की महाआरती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर श्री अवंतिका महाकाल युवा तीर्थ पुरोहित समिति द्वारा महाआरती की गई। 151 किलो केसर दूध वितरण किया गया। मां शिप्रा के तट पर मां क्षिप्रा का अभिषेक पूजन कर 51 बटुकों द्वारा महाआरती की गई।

इस अवसर पर उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, निगम सभापति कलावती यादव, भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, अटल जन्मोत्सव समिति के संयोजक जगदीश पांचाल, सोनम अजय जोशी, जगदीश अग्रवाल, पार्षद पंकज चौधरी, सुरेंद्र सांखला, ओम जैन, सुभाष डोडिया, कल्याण शिवहरे, आनंद सिंह खींची, अशोक प्रजापत, राजेंद्र भारती, आशीष यादव, नवीन यादव, अशोक केथवास, विक्रम ठाकुर, रितेश जटिया, अजय तिवारी, विजय चौहान, करुणा आनंद जैन, अनिल अजय नामदेव सहित अनेक प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। श्री अवंतिका महाकाल युवा तीर्थ पुरोहित समिति रामघाट अध्यक्ष अजय जोशी कुंड वाला गुरु ने बताया कि इस अवसर पर भारत विश्व गुरु बने इसकी मां शिप्रा से प्रार्थना की।

## जलजनित रोगों की रोकथाम में शुद्ध पेयजल के महत्व पर दिया बल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वर्तमान में, उपलब्ध पेयजल हमेशा उचित रूप से शुद्ध नहीं होता है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसी को ध्यान मे रखते हुए यंग हेराल्ड हायर सेकण्डरी स्कूल में आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) प्लांट का उद्घाटन विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराने के लिये किया गया। प्लांट का उद्घाटन 24 दिसंबर को विवेक कनोडिया थाना प्रभारी थाना जीवाजीगंज के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में विद्यालय के डायरेक्टर दिनेश भट्ट एवं वर्षा भट्ट सहित समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए डायरेक्टर श्री भट्ट ने जलजनित रोगों की रोकथाम में शुद्ध पेयजल के महत्व पर बल दिया। नए स्थापित आरओ जल संयंत्र से शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित होगी और सैकड़ों विद्यार्थियों को लाभ प्राप्त होगा।

## खबर एक नजर...

### शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने सुशासन की शपथ ली

**मन्दसौर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदंडों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसंबर के एक दिन पूर्व, 24 दिसंबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय में सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई गई। डिप्टी कलेक्टर शुभम पाटीदार ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से सुशासन की शपथ दिलवाई। सुशासन दिवस के अवसर पर जिले के अन्य शासकीय कार्यालयों में भी अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई।


### युवक ने खाया जहर, उपचार दौरान हुई मौत

**नीमच।** शहर के समिति ग्राम हिंगोरिया रेलवे फाटक के समय रहने वाले एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ सल्फास खा ली। जिसके कारण अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हिंगोरिया फाटक के समीप रहने वाले विशाल पिता गुड्डू लाल भील ने सल्फास खाकर की आत्महत्या।

# सायबर सेल की सक्रियता से डिजिटल अरेस्ट बुजुर्ग दंपत्ति के बचे 60 लाख रुपए

## मनी लांड्रिंग केस के नाम पर बुजुर्ग दंपत्ति को किया था डिजिटल अरेस्ट

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच



जिले व शहर में डिजिटल फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट के अपराध में कई लोगों ने लाखों रुपए की चपत खाई है। एक ऐसे ही मामले में बुजुर्ग दंपत्ति को मनी लांड्रिंग केस में नाम आने के नाम पर डिजिटल अरेस्ट स्कैम किया। पुलिस की सतर्कता और साइबर टीम की मदद से बुजुर्ग दंपत्ति को धोखाधड़ी से बचाने में सफलता मिली है ।विगत 15 दिवस से बुजुर्ग दंपति को मनी लांड्रिग केस के नाम पर शिकार नाया जा रहा था । सायबर ठगों द्वारा मनी लांड्रिग केस में राशि बचाने हेतु एफडी को तुड़वाकर एक अन्य बैंक खातें में राशि स्थानातंरित करने का झांसा दिया था ।

ठगों के झांसे में आकर बुजुर्ग दंपत्ति द्वारा ६० लाख रुपए की कई एफ.डी तुड़वाई .।सायबर सेल नीमच को इन्दौर क्राईम ब्रांच से सुचना प्राप्त होते ही तत्काल ०७ मिनट में पहुंचकर सक्रियता से बुजुर्ग दंपत्ति के ६० लाख रुपए बचा लिया। नीमच जिलें में सायबर फ्रॉड पर अंकुश लगाने एवं सायबर फ्रॉड के प्रकरणों की रोकथाम हेतु प्राथमिकता के साथ प्रभावी कार्यवाही के निर्देश पुलिस अधीक्षक नीमच श्री अंकित जायसवाल द्वारा सायबर सेल नीमच को दिए गए हैं। उक्त निदेर्शों के पालन में सायबर क्राईम ब्रांच इन्दौर से प्राप्त सूचना के आधार पर सायबर सेल नीमच प्रभारी प्रदीप शिन्दें एवं उनकी टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना नीमच केंट अन्तर्गत विकास नगर क्षेत्र के बुजूर्ग दम्पत्ति को डिजीटल अरेस्ट स्केम से सुरक्षित रिहा कर लगभग 60 लाख रुपएं की धोखाधड़ी से बचाने में सफलता प्राप्त की गई है।

दिनांक 22 दिसम्बर को सायबर सेल नीमच को सायबर क्राईम ब्रांच इन्दौर के उप निरीक्षक श्री शिवम ठक्कर के माध्यम से सुचना प्राप्त हुई कि विकास नगर निवासरत बुजूर्ग दम्पत्ति को डिजिटल अरेस्ट किया जाकर बुजूर्ग दम्पत्ति के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। उक्त सूचना पर से सायबर सेल प्रभारी प्रदीप शिन्दें द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय नीमच श्री अंकित जायसवाल को उक्त संबंध में जानकारी से अवगत कराया जाने पर एस.पी. महोदय द्वारा तत्काल बुजूर्ग दम्पत्ति के घर जाकर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये। सायबर सेल टीम द्वारा सूचना प्राप्ति के मात्र 7 मीनिट में बुजूर्ग दम्पत्ति के घर जाकर अपना परिचय दिया गया। बुजूर्ग दम्पत्ति अत्यधिक घबरायें एंव डरे हुए थें तथा घटना के संबंध में जानकारी नही दे रहे थें। उन्हें समझाया कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ नही होता, और पुलिस की कार्रवाई कभी भी इस प्रकार की वीडियो कॉल के माध्यम से नहीं की जाती है और यह पूरी तरह से अवैध है। लगभग 2 घन्टें तक सायबर सेल टीम द्वारा समझाने के बाद बुजूर्ग दम्पत्ति ने अपनी आपबीती सुनाई कि उन्हे दिनांक 8 दिसम्बर 2025 को वाट्सएप के माध्यम से कॉल प्राप्त हुआ तथा उसमें फ्रॉडस्टर द्वारा बुजूर्ग दम्पत्ति को खुद को दिल्ली का पुलिस कमिश्नर बताया जाकर मनी लांड्रिग केस में बुजूर्ग दम्पत्ति का नाम आने का झांसा दिया जाकर उनसे सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की।

## वृहद हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के समय से ही हिन्दुओं की एकता ,पुनर्जागरण और उनके कल्याण के उद्देश्य को लेकर कार्य कर रहा है। संघ की स्थापना के इस शताब्दी वर्ष में पूरे देश में हिन्दू धर्मावलम्बियों के सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में नीमच नगर के विभिन्न क्षेत्रों और कालोनियों में वृहद हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है यह जानकारी देते हुए हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के संयोजक अजय भटनागर ने बताया कि इस हेतु नीमच नगर में विभिन्न स्थानों पर हिन्दू सम्मेलनों के आयोजन हेतु आवश्यक तैयारी की जा रही है । इन आयोजनों में वृहद हिन्दू समाज की एकता और कल्याण के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के योगदान व कार्यों पर चर्चा की जायेगी साथ इन सम्मेलनों में जाति-पांति, छूआछूत,भेदभाव से मुक्त समाज पर बल दिया जाएगा।

### कस्तूरबा नगर में विकसित हुआ बाल उद्यान

**रतलाम।** वार्ड क्रमांक 12 कस्तूरबा नगर क्षेत्र की पार्षद एवं निगम अध्यक्ष मनीषा मनोज शर्मा के विशेष प्रयासों से कस्तूरबा नगर रोड नंबर 6 स्थित बगीचे को आकर्षक बाल उद्यान के रूप में विकसित किया गया है। सौन्दर्यीकरण, हरियाली और बच्चों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए विकसित किए गए इस बाल उद्यान का लोकार्पण महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय एवं पार्षद श्रीमती मनीषा मनोज शर्मा की उपस्थिति में किया गया। लोकार्पण अवसर पर महापौर ने कहा कि शहर में बच्चों के लिए सुरक्षित और मनोरंजन से भरपूर स्थान विकसित करना नगर निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है।

# स्कूल वैन पलटी, 15 बच्चे घायल, स्टीयरिंग फैल होने से हुआ हादसा

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

जिले के ढोढर के पास बुधवार दोपहर एक स्कूल वैन (मैजिक) पलटने से हड़कंप मच गया। वैन में करीब 15 बच्चे सवार थे। गाड़ी पलटते ही बच्चे एक-दूसरे पर जा गिरे और चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मदद के लिए दौड़े और बच्चों को बाहर निकाला।

हादसे में सभी बच्चों को चोटें आई हैं। ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए पलटी हुई मैजिक को सीधा किया और घायल बच्चों को ढोढर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। गनीमत रही कि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार, मैजिक वाहन चिकलाना स्थित एक प्राइवेट स्कूल के विद्यार्थियों को लेकर ढोढर की ओर जा रहा था। चिकलाना से कुछ दूर निकलते ही वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चे दहशत में थे। उन्होंने कांच फोड़कर और दरवाजे खोलकर बच्चों को रेस्क्यू किया। हादसे में स्कूल की शिक्षिका सरिता बग्गड समेत कई बच्चे घायल हो गए। बताया जा रहा है कि करीब 7 बच्चों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को ढोढर के एक निजी अस्पताल ले गए। अस्पताल में सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। हालत गंभीर होने पर कुछ बच्चों को जावरा रेफर किया गया है। फिलहाल सभी घायलों का इलाज जारी है।



प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घायल छात्रों में जयवर्धन सिंह, अंकिता धाकड़, अभिनव धाकड़, यशस्वी सूर्यवंशी, तेसीम मंसूरी और रेहाना मंसूरी शामिल हैं।

### पेरेंट्स का फूटा गुस्सा, बच्चों को घर ले गए

सूचना मिलते ही बच्चों के परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। अपने बच्चों को घायल देख परिजन भड़क गए और उन्होंने स्कूल प्रबंधन की लापरवाही पर आक्रोश जताया। जिन बच्चों को मामूली चोटें थीं, उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद परिजन अपने साथ घर ले गए।

### स्टीयरिंग फेल होने की आशंका

हादसा कैसे हुआ, इसका अभी तक स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है, लेकिन शुरूआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि मैजिक का स्टीयरिंग फेल होने की वजह से ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पौश दसमी पर हुई नृत्य प्रतियोगिता

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नवकार सेवा संस्थान द्वारा पौश दसमी के अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में सरिता जैन रत्नबोहरा और सारीका मारू को प्रथम पुरस्कार, रीना दुग्गड और प्रमीला चौपड़ा को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। संचालन संस्था अध्यक्ष सीमा दुग्गड ने किया और आभार श्वेता चौपडा ने माना। कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष श्वेता भण्डारी, आशा पालरेचा, अंजु मनोज सुराना, निर्मला काठेड़, रश्मि गादिया, मोनिका चेलावत, संगीता नाहर, नीता भटेवरा, नीता जैन, राजप्रभा जैन, शीला श्रीमाल, आभा गुप्ता, संगीता गादिया, सुमिना लिग्गा, नेहा लिग्गा, आशा सेठीया, परिधि दाता आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

# कैडेट्स ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया उपभोक्ताओं को जागरूक

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर



सैनिक स्कूल मंदसौर द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर उपभोक्ताओं को कक्षा 9 के कैडेट्स ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। जिसमें दैनिक जीवन से जुड़े वास्तविक उदाहरणों एवं अनुभवों के माध्यम से उपभोक्ता शोषण, सही-गलत की पहचान तथा जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय अधिवक्ता मनीष दादूपंथी ने कहा उपभोक्ता को किसी भी वस्तु को खरीदते समय उसकी गुणवत्ता, मूल्य, गारंटी कार्ड की जाँच अवश्य करनी चाहिए तथा बिल हमेशा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता यदि अपने अधिकारों के प्रति सजग रहेगा तो शोषण की संभावना स्वतः कम हो जाएगी। इसके अतिरिक्त कक्षा 7 के कैडेट्स द्वारा बनाए गए उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित मॉडल एवं कक्षा 8 के कैडेट्स द्वारा बनाए गए पोस्टरों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे कैडेट्स ने अतिथि के समक्ष बहुत ही आत्म विश्वास एवं रोचकता के साथ प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा 6 के कैडेट्स ने उत्पादों की गुणवत्ता, बिल एवं उपभोक्ता अधिकारों से जुड़े संदेशों को टैग करके पूरे विद्यालय में रचनात्मक ढंग से पहुँचाया।

# सौहार्द और सदभाव के साथ होली क्रॉस कन्वेंट स्कूल में धूमधाम से मना क्रिसमस

ब्रह्मास्त्र ›› पिपलिया मंडी

स्थित होली क्रॉस कन्वेंट स्कूल में क्रिसमस पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में कक्षा 10वीं की छात्रा अनन्या शर्मा एवं अनुष्का धनोतिया, कक्षा 11वीं के छात्र शारीब खान तथा कक्षा 12वीं के छात्र यशपाल चौधरी ने एंकर की भूमिका निभाई। समारोह में विद्यालय के अभिभावकगण एवं नगर के गणमान्य अतिथियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विशेष अतिथि के रूप में पिपलिया नगर की होनहार छात्रा कृतिका घटिया, जिन्होंने हाल ही में राजस्थान न्यायिक सेवा परीक्षा में 9वीं रैंक प्राप्त कर सिविल जज पद पर चयन हासिल किया है, अपने अभिभावकों सहित उपस्थित रहीं। उन्होंने सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएँ देते हुए विद्यार्थियों को प्रेरणादायी संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, उचित योजना और शिक्षकों के मार्गदर्शन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन सिस्टर मेरी लैला अलेक्स एवं फादर इन्दनाथन ने कृतिका घटिया को उनकी उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएँ एवं सम्मान प्रदान किया।



## खबर एक नजर...

### मानव अधिकार परिषद (भारत) के प्रदेश सचिव ने हॉस्पिटल का निरीक्षण

मंडलेश्वर।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मंडलेश्वर और निर्माणाधीन सिविल हॉस्पिटल का मानव अधिकार परिषद (भारत) के प्रदेश सचिव संतोष ठाकुर ने मीडिया की उपस्थिति में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव के साथ निरीक्षण किया। प्रदेश सचिव ने सबसे पहले डॉक्टर्स रूम,स्टोर रूम, लेबोरेटरी, टीकाकरण कक्ष ,आई पी डी वार्ड , एक्सरे रूम, पुरुष वार्ड दवाई वितरण कक्ष का जायजा लिया साथ ही हॉस्पिटल में एंटी वेनम इंजेक्शन एंटी रेबीज टीकों की उपलब्धता की भी जानकारी ली।सचिव ने साफ सफाई की व्यवस्था में कमी होने उसे सुधारने की जरूरत बताई पार्किंग व्यवस्था भी व्यवस्थित करने की जरूरत है।इसके अलावा नव निर्मित सिविल हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया जिसका उद्घाटन शीघ्र किया जाना है।इस अवसर पर प्रदेश सचिव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि हॉस्पिटल में सफाई कर्मी एवं आउट सोर्स का स्टाफ बढ़ाए जाने की जरूरत है । विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को पूरा करने के लिए संगठन के माध्यम से सरकार को अवगत कराया जाएगा। नए सिविल हॉस्पिटल का शीघ्र शुभारंभ कर उसमें अत्याधुनिक मशीनें और स्टॉफ नियुक्त किया जाना चाहिए। वर्तमान में हॉस्पिटल कैंपस में निजी वाहनों की पार्किंग पर भी रोक लगाना जरूरी है।

### दसवें गुरु गोविंदसिंह की जयंती पर होगा अटूट लंगर

मंडलेश्वर । सिक्खों के दसवें गुरु गोविंदसिंह के प्रकाश पर्व पर नगर के गुरुद्वारा सिंघ सभा द्वारा भव्य आयोजन किए जाएंगे। सिंघ सभा के अध्यक्ष सरदार अमृत सिंह मुच्छाल एवं सरदार त्रिलोचन सिंह छाबड़ा ने बताया कि नगर में गुरु गोविंद साहब का जयंती उत्सव प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाएगा।इसकी शुरुवात प्रभात फेरी से की गई है 22 दिसंबर से 26 दिसंबर तक प्रतिदिन गुरुद्वारा साहब मंडलेश्वर से प्रभात फेरी निकल रही है जो प्रतिदिन सुबह नगर के प्रमुख मार्गो से होकर वापस गुरुद्वारा साहब मंडलेश्वर में पहुंचती है। 26 दिसंबर को प्रभात फेरी का समापन होगा ।27 दिसंबर को गुरुजी की जयंती के अवसर पर सहजपाठ का समापन 10.30 बजे होगा। सहजपाठ 17 नवंबर से जारी था।सहज पाठ के समापन के बाद ज्ञानी हरिंदर सिंह खालसा द्वारा कीर्तन किया जाएगा।कीर्तन के बाद गुरु का अटूट लंगर होगा जिसमें गुरु का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### सोंडवा में विधायक ट्रॉफी का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री श्री चौहान ने किया

आलीराजपुर । सोंडवा में आयोजित विधायक ट्रॉफी का भव्य शुभारंभ कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। कैबिनेट मंत्री श्री चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि विधायक ट्रॉफी जैसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं तथा युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला पंचायत अध?यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत , जनप्रतिनिधि श्री जयपाल खरत ,श्री मांगीलाल दादा , श्री विक्रम भयडिया सहित अन?य नागरिकगण एवं खिलाडि उपस्थित थे ।

### सुशासन दिवस पर कलेक्टर कार्यालय में अधिकारियों -कर्मचारियों ने ली शपथ

बड़वानी। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस (25 दिसंबर ) के उपलक्ष्य में, आज एक दिवस पूर्व 24 दिसंबर को कलेक्टर कार्यालय परिसर में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से सुशासन की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समस्त अधिकारी - कर्मचारियों ने प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदण्डों को स्थापित करने के लिये

# राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ आयोजन, उपभोक्ताओं को जागरूक रहने की अपील

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस समारोह का आयोजन आज जिला आपूर्ति विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी श्री मनोज गरवाल, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री राजेश वर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री गड़रिया, नाप-तोल अधिकारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने कहा कि उपभोक्ता का अर्थ उपभोग करने वाला व्यक्ति है और उपभोग तब होता है जब वस्तुओं का क्रय किया जाता है। वर्तमान उपभोक्तावादी संस्कृति में जैसे-जैसे उपभोग की दर बढ़ी है, उसी अनुपात में मिलावट की प्रवृत्ति भी बढ़ी है। इसी कारण उपभोक्ताओं के संरक्षण की आवश्यकता महसूस हुई और उनके हितों की रक्षा के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया गया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता का यह अधिकार है कि उसे क्रय की गई वस्तु निर्धारित गुणवत्ता और उचित मूल्य पर ही उपलब्ध हो। यदि ऐसा नहीं होता है तो उपभोक्ता को शासन के समक्ष शिकायत करनी चाहिए, जिस पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने आगे बताया कि आलीराजपुर एक जनजातीय बहुल जिला है जहां चांदी की वस्तुओं का अधिक उपयोग किया जाता है। ऐसे में नागरिकों को चांदी की वस्तुएं हॉलमार्क देखकर ही खरीदनी चाहिए तथा उसका पक्का बिल अवश्य लेना चाहिए। उन्होंने खुले में बिकने वाली खाद्य सामग्री के सेवन से बचने,आईएसआई मार्क युक्त पैकेटबंद गुणवत्तापूर्ण वस्तुएं ही खरीदने तथा ढकी हुई खाद्य सामग्री ही क्रय करने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के जागरूक रहने से ही मिलावटखोरी पर रोक लगाई जा सकती है और उपभोक्ताओं के हितों की प्रभावी रूप से रक्षा संभव है।

### बोरी पुलिस द्वारा झपटमारी की घटना का खुलासा

जिला अलीराजपुर अंतर्गत थाना बोरी क्षेत्र में घटित झपटमारी की घटना का थाना बोरी पुलिस द्वारा तत्परता से खुलासा किया गया है। प्रकरण में पुलिस द्वारा तीन नाबालिगों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर लूटी गई संपत्ति बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। फरियादी रमेश पिता सुरपाल कटारा, उम्र 28वर्ष, निवासी ग्राम मुजाल, तहसील थांदला, जिला झाबुआ, निजी बंधन बैंक शाखा राणापुर में समूह ऋण की राशि वसूली का कार्य करता है। दिनांक 22 दिसम्बर को फरियादी समूह कलेक्शन हेतु बोरी क्षेत्र में आया था। कलेक्शन कार्य पूर्ण कर लगभग दोपहर 12.30 बजे जब वह अपनी मोटरसाइकिल से बोरीझाणापुर रोड स्थित सरकारी गोदाम के पास ग्राम सियाली से होकर वापस जा रहा था, तभी एक नीले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके पास आकर झपटमारी की गई। झपटे गए बैग में एक टेबलेट एवं नगद राशि थी। घटना के पश्चात फरियादी द्वारा थाना बोरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर 23 दिसं. को ग्राम फूटतालाब के जंगल क्षेत्र से घटना में संलिप्त तीन नाबालिगों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

## बेटियों को शस्त्र विद्या सिखाना समय की मांग -पंडित बालकृष्ण नागर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बाग

पाडल्या झिरीवाले हनुमान जी मंदिर परिसर में चल रही संगीतमय श्रीराम कथा के अष्टम दिवस पर भक्ति और राष्ट्र प्रेम का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रसिद्ध कथावाचक पण्डित बालकृष्ण नागर खेड़ा पीपलोदी रतलाम ने व्यासपीठ से आह्वान करते हुए कहा कि आज की आवश्यकता है कि हम अपनी बेटियों को केवल शास्त्र ही नहीं,बल्कि शस्त्र का संचालन भी सिखाएं। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में बेटियों का सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है,ताकि वे अपनी रक्षा स्वयं कर सकें। धर्म और संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए गुरुदेव ने कहा कि प्रत्येक सनातनी को अपने स्वरूप और संस्कारों पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मस्तक पर तिलक और शिखा (चोटी) ही एक सच्चे सनातनी की पहचान है। यह केवल बाह्य आडंबर नहीं,बल्कि हमारी संस्कृति का प्रतीक है जिसे हम सबको धारण करना चाहिए। उन्होंने कथा में कहा कि कोई भी कार्य करो तो यह अभिमान मत करना कि यह कार्य मैंने किया है।

गुरुदेव ने जहाँ एक ओर प्रभु श्रीराम के लंका प्रयाण का ओजस्वी वर्णन किया,वहीं दूसरी ओर समाज को सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण संदेश भी दिए। कथा के प्रसंग में जैसे ही प्रभु श्रीराम अपनी वानर सेना के साथ राम सेतु के माध्यम से लंका पहुंचे,पूरा कथा पंडाल भक्तिभाव में डूब गया। इस दृश्य का वर्णन होते ही श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के गगनभेदी नारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण राममय हो गया। कथा के पूर्व मुख्य यजमान कृष्णकान्त वरदीचन्द झंवर बाग एवं सह यजमान बाबुलाल लुणाजी बर्फा बोरुद व मोहन रमेश हम्मड़ कापसी ने व्यास पीठ का पूजन कर गुरुजी का स्वागत किया।

### सांसद खेल महोत्सव-2025 का भव्य समापन समारोह

**बड़वानी।** बड़वानी सांसद गजेन्द्रसिंह पटेल के नेतृत्व में आयोजित सांसद खेल महोत्सव-2025 का भव्य समापन समारोह आज आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष को समर्पित सेवा सुशासन दिवस के अवसर पर किया जा रहा है। समापन समारोह का आयोजन अयोध्या धाम, फुटबॉल मैदान, बड़वानी में प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा।

## धार सभा में नकली मशीन से बने बाग प्रिंट स्टॉल जेपी नड्डा-सीएम को भेंट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बाग

मध्य प्रदेश के धार जिले में 23 दिसंबर को आयोजित भव्य सभा में जीआई टैग प्राप्त बाग प्रिंट हस्तशिल्प कला का गंभीर उल्लंघन हुआ। बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल, कैलाश विजयवर्गीय, सावित्री ठाकुर सहित अन्य गणमान्य अतिथियों को मंच पर मशीन से बने नकली बाग प्रिंट स्टॉल भेंट किए गए। इस घटना से पारंपरिक शिल्पियों में भारी रोष व्याप्त है।

सभा के दौरान मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव ने जे.पी. नड्डा को और अन्य अतिथियों को भी ये स्टॉल भेंट किए गए, जो हाथ की ठप्पा छपाई की बजाय मशीन/स्क्रीन प्रिंटिंग से तैयार किए गए थे। बाग प्रिंट कला जीआई टैग प्राप्त होने के बावजूद इस तरह के नकली उत्पादों का प्रचार सरकारी मंच पर होना एक गंभीर अपराध है, जो शिल्पियों की आजीविका पर सीधा प्रहार है।

### शिल्पियों की चिंताः कला लुप्त होने का खतरा

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता बाग प्रिंट शिल्पकार मोहम्मद बिलाल खत्री ने बताया, ?यदि नकली मशीन से बने बाग प्रिंट उत्पादों का यह चलन बढ़ता रहा, तो असली हाथ की ठप्पा छपाई कला और इससे जुड़े हजारों शिल्पी लुप्त हो जाएंगे। बाग प्रिंट शिल्पियों की रोजी-रोटी खतरे में पड़ जाएगी। सरकार एक तरफ ?त्रृ टैग का गुणगान कर रही है, वहीं नकली उत्पादों को बढ़ावा देकर शिल्पियों का अपमान कर रही है। बिलाल खत्री ने मांग की है कि नकली स्टॉल सप्लाई करने वाले अपराधियों पर ?त्रृ टैग उल्लंघन के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई हो, जिसमें जुर्माना और जेल की सजा शामिल हो। उन्होंने कहा, मशीन एवं स्क्रीन प्रिंट बाग प्रिंट नहीं हो सकता।

### मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाना उनके सम्मान पर सीधा आघात है - डॉ मुनीश मिश्रा

**खंडवा-** मनरेगा का नाम बदलने के केंद्र सरकार के फैसले के विरोध में रविवार को दोपहर दो बजे कांग्रेस ने नगर निगम तिराहे पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निर्णय को वापस लेने की मांग की।इस आंदोलन में महात्मा गांधी के वेशभूषा में रामकृष्णगंज वार्ड कांग्रेस पार्षद प्रतिभा कसेरा के ससुर चंद्रकुमार कसेरा जी मौजूद थे। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक राजनारायण सिंह ने कहा कि इस सरकार में बैठे लोगों को गांधी से डर लगता है,उस सोच से डर लगता है जो भूखे को झुकने नहीं देती इसलिए,कभी पाठ्यक्रम बदलते हैं,कभी योजनाओं के नाम,कभी इतिहास को।इन्हें साफ-साफ समझ लेना चाहिए -गांधी कोई बोर्ड पर लिखा नाम नहीं है,

### ईरानी बदमाशों को भेजा गया केन्द्रीय जेल भैरवगढ़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महिलाओं को झांसा देकर आभूषण ठगने वाले ईरानी बदमाशों का बुधवार को रिमांड खत्म होने पर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है। बदमाशों को ग्वालियर की डबरा पुलिस ने गिरफ्तार किया था। 10 माह पहले फरवरी में नीलगंगा थाना क्षेत्र के केटीएम शोरूम के पास जनरल स्टोर्स संचालित करने वाली सावित्री नागर से 2 बदमाशों ने सामान खरीदने के बाद आधा तोला वजनी सोने के टॉप्स ठग लिये थे। कुछ दिनों पहले ग्वालियर की डबरा पुलिस ने ईरानी बदमाश हैदर अली और अफजल मियां निवासी भोपाल को गिरफ्तार किया था।


## जाहिर सूचना

**ग्राम कमेड के कोहिनूर सिटी भूखंड नंबर 247 तथा 248 तथा 249 तहसील घटिया जिला उज्जैन के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार ठा. साहब शाहनवाजउद्दीन शैख (छन्नु भैया), निवासी ग्राम झिरनीया शैख, जिला उज्जैन मो. न. 98272 78147 ने बेचवाल जफर हुसैन पिता अनवर हुसैन तथा नसरीन पिता अनवर हुसैन निवासी ग्राम खाचरोद रोड माटपचलाना जिला उज्जैन से भूखंड क्रमांक 248 क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट तथा भूखंड क्रमांक 249-क्षेत्रफल 600 वर्गफिट भूखंड क्रमांक 247 क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट ग्राम कमेड के कोहिनूर सिटी तहसील घटिया जिला उज्जैन में होकर ग्राम पंचायत सीमा के अंदर स्थित है जो फील्ड राइट्स का है तीनों प्लांट का विक्रय किया गया है जिसकी रजिस्ट्री तथा बैंक फाइनेंस मारगेट कराया जा रहा है किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक निकाय आदि का किसी भी प्रकार का भार अथवा बोझा जैसे कर्ज जमानत मेंटेनेंस अटैचमेंट बिक्री डिग्री आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिन के अंदर अपनी आपत्ति में लेखी प्रमाण सहित नीचे लिखे पते पर भेजें अन्यथा अवधी गुजरने के पशचात मेरे पक्षकार सदर संपत्ति बाबद आवश्यक दस्तावेजों का निष्पादन व पंजीयन अपने हित में विक्रेता से करवा लेंगे पशचात किसी भी आपत्ति मान्य नहीं होगी

**एम.ए. शेरखान सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट,**
**ऑफिस 312 जवाहर मार्ग आड़ा बाजार इंदौर**
**नि. 527 ग्रीन पार्क कॉलोनी खजूर का पेड़ धार रोड इंदौर**
sher019720@gmail.com, 9826099222, 9425057700




## अजय देवगन की दृश्यम 3 की रिलीज डेट सामने आई

### मेकर्स ने टीजर जारी किया, फिल्म की कहानी से डेट का है खास कनेक्शन


अजय देवगन की मोस्ट अवेटेड फिल्म दृश्यम 3 की रिलीज डेट सामने आ गई है। सोमवार को मेकर्स ने पार्ट 3 के अनाउंसमेंट के लिए 1 मिनट 14 सेकंड का वीडियो जारी किया।

वीडियो की शुरूआत अजय देवगन के डायलॉग से होती है। आखिरी में वो कहते हैं कि कहानी अभी खत्म नहीं हुई है, आखिरी हिस्सा अभी बाकी है। ये फिल्म 2 अक्टूबर 2026 को रिलीज होगी। यह तारीख इस फ्रेंचाइजी की स्टोरी में खास महत्व रखती है। फिल्म की पुरानी स्टारकास्ट अजय देवगन, तब्बू, श्रिया सरन और रजत कपूर दृश्यम 3 में वापसी करेंगे। वहीं फिल्म में अजय के बच्चों का किरदार निभाने वाली इशिता दत्ता और मृणाल जाधव भी लौटेंगे।


दृश्यम 2 में पुलिस वाले की भूमिका निभाने वाले अक्षय खन्ना इस फिल्म का हिस्सा हैं या नहीं, इस बारे में अभी तक कोई खबर नहीं है। फिल्म का ट्रेलर 2026 में आने की उम्मीद है। फिलहाल दृश्यम 3 की शूटिंग चल रही है। फिल्म की शूटिंग कई शहरों में की जा रही है। दृश्यम फ्रेंचाइजी की बात करें तो ये मलयालम फिल्म का रीमेक है, जिसका मलयालम में भी नाम दृश्यम ही था। फिल्म का पहला पार्ट साल 2015 में रिलीज हुआ था, जिसमें विजय सालगांवकर की कहानी दिखाई गई थी। विजय अपने परिवार के साथ गोवा रहता है और अपने घर में हुई हत्या के बाद अपने परिवार को कानून के शिकंजे से बचाने के लिए अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करता है। डायरेक्टर निशिकांत कामत की यह फिल्म जबरदस्त सफल रही और इसने वर्ल्डवाइड 197 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। सात साल यानी 2022 में इसका सीक्वल रिलीज हुआ और वो पहले पार्ट से ज्यादा बड़ी हिट साबित हुई।

# उर्फी जावेद और बहन के साथ हुई खौफनाक घटना

**तड़के 5 बजे पहुंचीं पुलिस स्टेशन, कहा- हम रात भर एक मिनट के लिए भी नहीं सोए**







इन्फ्लूएंसर उर्फी जावेद के साथ हाल ही में एक घटना घटी, जिसके बाद वो बहन के साथ शिकायत दर्ज करवाने तड़के 5 बजे पुलिस स्टेशन पहुंचीं हैं। उर्फी ने इसे अपनी जिंदगी का सबसे डरावना अनुभव कहा है।

उर्फी जावेद ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक स्टोरी पोस्ट की है। उन्होंने दादाजी नौरोजी नगर पुलिस स्टेशन की कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं। एक तस्वीर में वो बहन के साथ बैठी नजर आई हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा है, 'सुबह के 5 बजे हैं और मैं पुलिस स्टेशन में हूं। मेरे साथ जिंदगी का सबसे डरावना अनुभव हुआ है। मैं और मेरी बहन हम एक मिनट भी नहीं सोए।'

उर्फी जावेद के अलावा उनकी बहन डॉली जावेद ने भी उनकी स्टोरी री-पोस्ट करते हुए लिखा है, 'मुझे लगा था कि बॉम्बे सेफ है। यह एक हफ्ते के अंदर दूसरी बार है जब मैं खुद को घिन और असुरक्षा से भरा महसूस कर रही हूं। एक ही हफ्ते में।' फिलहाल उर्फी जावेद और उनकी बहन ने ये साफ नहीं किया है कि पूरी घटना क्या थी और उनके पुलिस स्टेशन आने का सीधे तौर पर कारण क्या था। हालांकि अनुमान लगाया जा सकता है कि ये स्टॉकिंग की घटना हो सकती है। बता दें कि उर्फी जावेद की बहन डॉली भी एक इन्फ्लूएंसर हैं। वो रणविजय के शो छोरियां चली गांव में नजर आ चुकी हैं। इस शो की विजेता अनीता हसनंदानी रही थीं। इसके अलावा डॉली क्रिएटर्स लाइव स्ट्रीम और फराह खान के कुकिंग व्लॉग में भी नजर आई हैं।

उर्फी जावेद जल्द ही पॉपुलर रियलिटी शो स्प्लिट्सविला 16 में नजर आने वाली हैं। हाल ही में उर्फी जावेद ने स्प्लिट्सविला के सेट से रणविजय, सनी लियोनी और निया शर्मा के साथ एक वीडियो पोस्ट किया था। इस पोस्ट के कमेंट सेक्शन में उर्फी जावेद और निया शर्मा के बीच बहस हो गई। दोनों ने एक-दूसरे को जमकर अपशब्द कहे थे।



## अक्षय कुमार की भांजी ने करण जौहर को मारा ताना!

### डायरेक्टर ने सिमर भाटिया को बताया खूबसूरत एक्ट्रेस ने पूछा- धर्मा की फिल्म क्यों नहीं दी?

अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया फिल्म 'इक्कीस' से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। फिल्म का फाइनल ट्रेलर 19 दिसंबर को रिलीज किया गया है। फिल्ममेकर करण जौहर को फिल्म का ट्रेलर इतना पसंद आया कि उन्होंने इसे अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया। फिर लीड अगस्त्य नंदा और सिमर भाटिया की खूब तारीफ भी की। लेकिन करण की तारीफ पर अक्षय की भांजी ने कुछ ऐसा जवाब दिया, जिसकी अब चर्चा हो रही है।

दरअसल, करण जौहर ने इक्कीस का फाइनल ट्रेलर शेयर कर लिखा- सॉलिड, शुभकामनाएं एगी (अगस्त्य)। फिर उन्होंने सिमर भाटिया का बॉलीवुड में स्वागत करते हुए लिखा- फिल्मों में आपका स्वागत है सिमर भाटिया। आप बहुत खूबसूरत हैं। करण की पोस्ट के लिए सिमर ने पहले तो उनका शुक्रिया अदा किया। फिर मजाकिया लहजे में जवाब देते हुए लिखा- शुक्रिया सर। फिर मुझे धर्मा की फ्लिक्र क्यों नहीं दिया?


करण ने तुरंत उनकी स्टोरी को रीपोस्ट करते हुए जवाब दिया- हाहा! ये तुम्हारे लिए सबसे बेहतरीन लॉन्च है डार्लिंग। ये बहुत अच्छा लग रहा है! इसे देखने के लिए और निश्चित रूप से तुम्हारी पहली परफॉर्मेंस देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। सिमर ने फिर अपनी इंस्टा स्टोरी में जवाब में देते हुए लिखा- ये सब तो बस हंसी-मजाक के लिए था सर, आपकी पोस्ट के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मुझे सच में लगता है कि यह मेरे साथ हुई सबसे अच्छी चीज है। सिमर की यह हाजिर जवाबी अब खूब सुर्खियां बटोर रही है। बता दें कि नेशनल अवॉर्ड विनिंग डायरेक्टर श्रीराम राघवन की फिल्म इक्कीस भारत के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता-सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की कहानी है। इसमें अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, इक्कीस में दिवंगत दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र अरुण के पिता के रूप में नजर आएंगे। ये उनकी आखिरी फिल्म होगी। पहले ये फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब 1 जनवरी 2026 को रिलीज होगी।

# धुरंधर के गाने से तमन्ना भाटिया हुई थीं रिजेक्ट

## कोरियोग्राफर विजय गांगुली ने खबरों को बताया गलत, कहा- उनका स्टारडम गाने पर भारी पड़ता

हाल ही में ऐसी खबरें आई थीं कि धुरंधर फिल्म के गाने शरारत के लिए कोरियोग्राफर की पहली पसंद तमन्ना भाटिया थीं। लेकिन फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर ने तमन्ना को रिजेक्ट कर दिया।

अब गाने के कोरियोग्राफर विजय गांगुली ने इन खबरों को गलत बताया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि तमन्ना को इस भूमिका के लिए कभी चुना ही नहीं गया था। उनके अनुसार, तमन्ना की जबरदस्त लोकप्रियता और स्टारडम उस दृश्य की मांग से ज्यादा प्रभावशाली हो सकता था। इसलिए मेकर्स ने दो परफॉर्मर्स को चुनने का फैसला किया, ताकि सीन में कहानी को ही केंद्र में रखा जा सके।



उन्होंने यह भी बताया कि कैसे शब्दों को सनसनीखेज बनाने के लिए पेश किया जाता है और रिजेक्शन जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है।

उन्होंने लिखा- मुझे सिनेमा और उसे बनाने की प्रक्रिया से जुड़ी बातचीत बेहद पसंद है। लेकिन कई बार मैंने खुद को इससे दूर रखा है, क्योंकि अक्सर शब्दों को चुनिंदा तरीके से उठाकर गलत संदर्भ में पेश किया जाता है या शिल्प के बजाय सुर्खियों के लिए सनसनीखेज बना दिया जाता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि शरारत गाने और उसके रचनात्मक इरादे पर बात करने के बजाय, दो बेहतरीन कलाकारों की तुलना होने लगी और रिजेक्शन जैसे मजबूत लेकिन भ्रामक शब्दों का इस्तेमाल किया गया, जबकि ऐसा कभी भी नहीं था। आगे उन्होंने स्पष्ट किया कि तमन्ना भाटिया को शरारत गाने के लिए क्यों नहीं सोचा गया। वो लिखते हैं- सिनेमा एक सहयोगी कला है। यह सम्मान, सूक्ष्मता और संदर्भ पर आधारित होती है। मैं उम्मीद करता हूं कि हम ध्यान वहीं रखें जहां उसका होना चाहिए-काम पर और उन सभी लोगों पर जो इसमें दिल से मेहनत करते हैं। साफ तौर पर कहना चाहूंगा कि तमन्ना भाटिया को कभी विचार में नहीं लिया गया, क्योंकि उनकी स्टार पावर इतनी ज्यादा है कि वह इस सीन की खास जरूरतों पर भारी पड़ सकती थी।

धुरंधर में संगीत एक हाई-स्टेक्स पल का हिस्सा है, जहां तनाव बहुत अहम है। मेकर्स ने कहानी की गति और माहौल को बनाए रखने के लिए दो परफॉर्मेंस को चुना, ताकि इस सीक्वेंस में कहानी ही नायक बनी रहे।

बता दें कि फिल्म धुरंधर में शरारत गाने टीवी एक्ट्रेस क्रिस्टल डिसूजा और आएशा खान पर फिल्माया गया है। गाने को शाश्वत सचदेवा ने लिखा और कंपोज किया है। इसे जैसमीन सैंडलस और मधुबंती बागची ने अपनी आवाज दी है।



विजय हजारे ट्रॉफी में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ महज 36 गेंदों में शतक लगाया

# वैभव सूर्यवंशी ने 39 साल पुराना वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा

## लिस्ट-ए के सबसे युवा सेंचुरियन, ईशान ने 33 और साकिबुल ने 32 बॉल पर शतक लगाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई



विजय हजारे ट्रॉफी का पहला दिन युवा बल्लेबाजों के नाम रहा। बिहार के वैभव सूर्यवंशी ने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ महज 36 गेंदों में शतक लगाया। इसी दिन बिहार के कप्तान साकिबुल गनी ने 32 गेंदों में, जबकि झारखंड की ओर से ईशान किशन ने 33 गेंदों पर शतक लगा दिया।

14 साल के वैभव लिस्ट-ए क्रिकेट में शतक लगाने वाले दुनिया के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्होंने पाकिस्तान के जहूर इलाही का 39 साल पुराना वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया। जहूर इलाही ने 1986 में विल्स कप के दौरान पाकिस्तान ऑटोमोबाइल्स की ओर से खेलते हुए रेलवे के खिलाफ 15 साल 209 दिन की उम्र में शतक लगाया था।

**साकिबुल गनी ने 32 गेंदों में शतक जड़ा-** भारतीय लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड अब बिहार के कप्तान साकिबुल गनी के नाम हो गया है। साकिबुल ने सिर्फ 32 गेंदों में शतक लगा दिया। इस सूची में दूसरे स्थान पर अब ईशान किशन हैं, जिन्होंने झारखंड की ओर से कर्नाटक के खिलाफ 33 गेंदों में शतक लगाया।

इससे पहले यह रिकॉर्ड अनमोलप्रीत सिंह के नाम था, जिन्होंने 2024 में पंजाब की तरफ से अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 35 गेंदों में सेंचुरी लगाई थी। वहीं, आज ही वैभव सूर्यवंशी ने भी अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 36 गेंदों में शतक जड़कर इस खास क्लब में अपनी जगह बना ली। भारतीय लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वालों की लिस्ट में यूसुफ पठान (40 गेंद, 2010), उर्विल पटेल (41 गेंद, 2023) और अभिषेक शर्मा (42 गेंद, 2021) भी शामिल हैं।

**वैभव ने 84 बॉल पर 190 रन बनाए-** वैभव सूर्यवंशी ने बिहार के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप मैच में ऐतिहासिक पारी खेली। अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ रांची के खरउअ ओवल ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में वैभव ने 36 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और 84 गेंदों पर 190 रन बना दिए।

बिहार टीम के उप-कप्तान वैभव ने इस पारी में 16 चौके और 15 छक्के जड़े। उन्होंने 12वें ओवर की पहली गेंद पर एक रन लेकर अपना शतक पूरा किया। वैभव ने सबसे तेज 150 रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। इस मामले में उन्होंने साउथ अफ्रीका के एबी डिविलियर्स और इंग्लैंड के जोस बटलर को पीछे छोड़ दिया।

- बिहार ने 574 रन बनाए, लिस्ट-ए का सबसे बड़ा स्कोर अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ खेले गए मैच में बिहार ने 50 ओवर में 6 विकेट खोकर 574 रन बनाए, जो मेंस लिस्ट-अ क्रिकेट का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। लिस्ट-अ क्रिकेट में यह सिर्फ दूसरी बार हुआ है जब किसी टीम ने 500 से ज्यादा रन बनाए हों। इससे पहले 2022 में तमिलनाडु क्रिकेट टीम ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 505 रन बनाए थे। अब उसी टीम के खिलाफ बिहार ने 574 रन ठोककर उस रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया और नया वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।
- बिहार की लिस्ट-ए क्रिकेट में दूसरी सबसे बड़ी जीत बिहार ने अरुणाचल प्रदेश को 397 रन से हराकर लिस्ट-अ क्रिकेट में अपनी दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। इससे पहले यह रिकॉर्ड 2022-23 सीजन में तमिलनाडु क्रिकेट टीम के नाम था, जिसने अरुणाचल प्रदेश को 435 रन से हराया था। 575 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अरुणाचल प्रदेश की टीम 177 रन पर सिमट गई।
- लिस्ट-ए क्रिकेट क्या होता है? लिस्ट-ए क्रिकेट में वनडे फॉर्मेट के मैच शामिल होते हैं। इसमें इंटरनेशनल वनडे के साथ-साथ डोमेस्टिक वनडे मुकाबले भी आते हैं। भारत में खेली जाने वाली विजय हजारे ट्रॉफी के सभी मैच डोमेस्टिक लिस्ट-अ क्रिकेट का हिस्सा होते हैं।
- **दोनों टीमों की प्लेइंग-11 बिहार:** वैभव सूर्यवंशी, साकिबुल गनी (कप्तान), आयुष लोहारुका (विकेटकीपर), मंगल महरौर, पीयूष सिंह, आकाश राज, बिपिन सौरभ, सूरज कश्यप, हिमांशु तिवारी, साबिर खान, बादल कनौजिया
- **अरुणाचल प्रदेश:** कामशा यांगफो (विकेटकीपर/कप्तान), सूर्यांश सिंह, तेची नेरी, तदाकमल्ला मोहित, नीलम ओबी, नबाम टेम्पोल, आदित्य वर्मा, धीरज एंटिन, तेची सानिया, मिबोम मोसु, तेची डोरिया

# विराट कोहली और रोहित शर्मा के शतक



विजय हजारे ट्रॉफी में कोहली ने 131, रोहित ने बनाए 155 रन; दोनों की टीमें जीती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

विराट कोहली और रोहित शर्मा ने विजय हजारे ट्रॉफी में अपनी-अपनी टीमों के लिए शतक लगाए। बेंगलुरु में बुधवार को दिल्ली की ओर से खेल रहे विराट कोहली ने 131 रन बनाए। जबकि जयपुर में रोहित शर्मा ने 155 रन की पारी खेली।

कोहली ने 101 गेंद की पारी में 14 चौके और 3 छक्के लगाए। इस मैच में दिल्ली ने आंध्र प्रदेश को 4 विकेट से हराया। इधर, जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई की ओर से रोहित ने 94 बॉल में ताबड़तोड़ 155 रन बनाए। उन्होंने 9 सिक्स लगाए। मुंबई ने सिक्किम पर 8 विकेट की जीत दर्ज कर की। यह टूर्नामेंट रोहित और कोहली दोनों के लिए अहम है, क्योंकि ये दोनों अब सिर्फ वनडे क्रिकेट ही खेलते हैं।

दिल्ली ने आंध्र प्रदेश को 4 विकेट से हराया बेंगलुरु में चल रहे मैच में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। आंध्र प्रदेश ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 298 रन बनाए। रिकी भुई ने 122 रन की पारी खेली। जवाब में दिल्ली ने 37.4 ओवर में 6 विकेट पर 300 रन बनाए। विराट कोहली के अलावा, नीतीश राणा ने 77 और प्रियांश आर्या ने 74 रन का योगदान दिया।

# विमेंस बॉलर्स रैंकिंग में दीप्ति पहली बार नंबर-1

## बैटर्स में जेमिमा को पांच स्थान का फायदा स्मृति मंधाना दूसरे नंबर पर खिसकी




ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई

विमेंस रैंकिंग में दो नए नंबर-1 खिलाड़ी सामने आए हैं। भारत की दीप्ति शर्मा पहली बार टी-20 इंटरनेशनल गेंदबाजों की रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गई हैं, जबकि साउथ अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने वनडे बल्लेबाजों में फिर से नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया है।

दीप्ति ने यह उपलब्धि भारत और श्रीलंका के बीच घरेलू टी-20 सीरीज के पहले मैच में शानदार प्रदर्शन के दम पर हासिल की। विशाखापट्टनम में खेले गए इस मुकाबले में उन्होंने 4 ओवर में 20 रन देकर 1 विकेट लिया, जिसने भारत की जीत की नींव रखी। इस प्रदर्शन से दीप्ति को 5 रेटिंग पॉइंट्स का फायदा हुआ और वे 737 अंकों के साथ नंबर-1 बन गईं। दीप्ति अब ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड से सिर्फ एक अंक आगे हैं। अगस्त से शीर्ष स्थान पर बनी हुई सदरलैंड इस रैंकिंग अपडेट के बाद दूसरे नंबर पर खिसक गई हैं। जेमिमा रोड्रिग्स को पांच स्थान का फायदा इस रैंकिंग अपडेट में दीप्ति की टीम-मेट जेमिमा रोड्रिग्स को भी बड़ा फायदा हुआ है। जेमिमा ने पांच स्थान की छलांग लगाकर टी-20 बल्लेबाजों में नौवां स्थान हासिल किया। विशाखापट्टनम में श्रीलंका के खिलाफ 44 गेंदों पर नाबाद 69 रन की मैच-विनिंग पारी खेलकर उन्होंने भारत को जीत दिलाई थी। टी-20 बल्लेबाजों के टॉप-10 में भारत की स्मृति मंधाना तीसरे और शेफाली वर्मा दसवें स्थान पर बनी हुई हैं। लौरा एक बार फिर नंबर-1 वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में स्मृति मंधाना को एक स्थान का नुकसान हुआ है। साउथ अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ट ने उन्हें पीछे छोड़ते हुए फिर से नंबर-1 पोजिशन हासिल कर ली। वोल्वार्ट ने आयरलैंड के खिलाफ घरेलू तीन मैचों की वनडे सीरीज में लगातार दो शतक लगाए, जिसे साउथ अफ्रीका ने 3-0 से जीता।

# अर्शदीप ने 18 सेकेंड में दिखाई स्ट्रगल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मोहाली

इंडियन क्रिकेटर अर्शदीप सिंह ने टीम इंडिया के मेन बॉलर और क्रिकेट स्टार बनने के लिए लंबा स्ट्रगल किया। क्रिकेट की ट्रेनिंग के लिए एकेडमी तक वह साइकिल से रोजाना 20 किलोमीटर जाते थे। हालात देख परिवार उन्हें क्रिकेट छोड़ अच्छे फ्यूचर के लिए विदेश भेजने की तैयारी में था। हालांकि कामयाब होने के बाद अब उन्होंने साढ़े 3 करोड़ रुपए की मर्सिडीज और मोहाली में आलीशान घर खरीद लिया। अपनी जिंदगी के इस सफर को अर्शदीप ने 18 सेकेंड के वीडियो में शेयर किया है। अर्शदीप ने इसमें अपने पुराने और नए दिन को दिखाया है। अर्शदीप अगले साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप टीम का भी हिस्सा हैं। अर्शदीप ने वीडियो को 'शुक्र' टाइटल दिया है। इसमें उन्होंने पहले अपनी पुरानी वीडियो क्लिप लगाई है। जिसमें वह साइकिल चलाकर एकेडमी जा रहे हैं। फिर साइकिल से एकेडमी पहुंचते हैं। इसे उन्होंने डे वन का नाम दिया है। इसके बाद उन्होंने अपना आलीशान घर और उसके बाहर खड़ी मर्सिडीज के साथ अपनी वीडियो क्लिप डाली है। जिसे उन्होंने वन डे का नाम दिया है।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें मो. 7404467154

आवश्यकता है
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

फार्म हाउस
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

आवश्यकता
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

खरीदना है
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चौंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

भूमि बेचना है
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

बेचना है
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

किराए से देना है
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

### मोहन भागवत ने बताया

## सुविधाओं को सबके लिए सुलभ बनाना क्यों जरूरी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मोहन भागवत ने कहा कि सस्ती शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हर व्यक्ति की बुनियादी जरूरत है और इसका विकेंद्रीकरण होना चाहिए। चंद्रपुर में पंडित दीनदयाल कैंसर अस्पताल के उद्घाटन के दौरान उन्होंने कहा कि कैंसर न सिर्फ मरीज, बल्कि उनके परिवारों को भी गहराई से प्रभावित करता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि सस्ती शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हर व्यक्ति की जरूरत है और इनका विकेंद्रीकरण होना चाहिए। महाराष्ट्र के चंद्रपुर में पंडित दीनदयाल कैंसर अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए भागवत ने कहा कि कैंसर का न केवल मरीजों पर बल्कि उनके परिवारों पर भी विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। उन्होंने समाज से मरीजों की सेवा में सहयोग करने का आग्रह किया।

**पैसे नहीं, जरूरतमंदों की सेवा के लिए समय चाहिए-** भागवत ने कहा कि हमें पैसे की नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की सेवा के लिए समय की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि कैंसर जैसी बीमारियां किसी भी चीज के कारण हो सकती हैं तनाव, प्रदूषण, मिलावटी भोजन।

उन्होंने आगे कहा कि कैंसर के कारण निश्चित नहीं होते। ईश्वर ने हमें शरीर दिया है, और हमें इसका उपयोग मानवता की सेवा के लिए करना चाहिए। हमें समय निकालना होगा, न कि केवल पैसा। कैंसर रोगियों और उनके परिवारों को भावनात्मक शक्ति और समर्थन की आवश्यकता होती है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह के कैंसर अस्पताल जैसी सुविधाएं प्रभावी ढंग से कार्य करें।

### भारत-न्यूजीलैंड एफटीए के तहत सेब और कीवी पर ड्यूटी छूट

# भारतीय किसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित होगी

### सेब और कीवी पर ड्यूटी छूट अब 'शर्तों' के साथ, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर टिका सौदा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत-न्यूजीलैंड एफटीए के तहत सेब और कीवी पर ड्यूटी छूट अब 'एग्री एक्शन प्लान' से जुड़ी है। जानें कैसे जेएपीसी इसकी निगरानी करेगी और कोटा व एमआईपी के जरिए भारतीय किसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित होगी।

भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी व्यापारिक कूटनीति में एक नया और रणनीतिक अध्याय जोड़ते हुए न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है। भारत ने साफ किया है कि न्यूजीलैंड से आने वाले सेब, कीवी और प्रीमियम 'मानुका हनी' (शहद) को भारतीय बाजार में शुल्क रियायतें तभी मिलेंगी, जब वह भारत के कृषि क्षेत्र की उत्पादकता बढ़ाने के अपने वादों को धरातल पर उतारेगा। केंद्र सरकार ने इन रियायतों को सीधे तौर पर 'कृषि उत्पादकता एक्शन प्लान' से लिंक कर दिया है, जो यह सुनिश्चित करेगा कि विदेशी माल के साथ-साथ विदेशी तकनीक भी भारतीय खेतों तक पहुंचे।

वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, इस पूरे तंत्र की निगरानी के लिए एक विशेष 'संयुक्त कृषि उत्पादकता परिषद' का गठन किया जाएगा। यह परिषद देखेगी कि न्यूजीलैंड समझौते के तहत किए गए वादों- जैसे कि बागवानी में तकनीकी सुधार और क्षमता निर्माण- को पूरा कर रहा है या नहीं। यह कदम घरेलू कृषि क्षेत्रों की सुरक्षा और बाजार पहुंच के बीच संतुलन बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

**सेब के व्यापार का गणित: कोटा और न्यूनतम आयात मूल्य-** न्यूजीलैंड आधिकारिक तौर पर ऐसा ₹पहलाः देश है जिसे भारत ने इस समझौते के तहत अपने सेब निर्यात के लिए ड्यूटी में रियायत दी है। हालांकि, यह छूट असीमित नहीं है। वर्तमान में, भारत आयातित सेब पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाता है। घरेलू किसानों के हितों की रक्षा के लिए भारत ने 'कोटा' और 'न्यूनतम आयात मूल्य' का एक मजबूत सुरक्षा ढांचा तैयार किया है। समझौते के तहत, पहले वर्ष में न्यूजीलैंड को 32,500 टन सेब के आयात पर शुल्क में रियायत दी जाएगी। छठे वर्ष तक इस कोटे को बढ़ाकर 45,000 टन कर दिया जाएगा, इस पर केवल 25 प्रतिशत शुल्क लगेगा। लेकिन, शर्त यह है कि आयातित सेब का मूल्य 1.25 डॉलर प्रति किलोग्राम से कम नहीं होना चाहिए। यदि आयात इस तय कोटे से अधिक होता है, तो उस पर 50 प्रतिशत शुल्क लागू होगा।

**घरेलू बाजार को बचाने के लिए क्या फैसला-** आंकड़ों के अनुसार, भारत में न्यूजीलैंड से वार्षिक सेब आयात लगभग 31,392.6 टन है, जिसका मूल्य 32.4 मिलियन डॉलर है। जबकि देश का कुल सेब आयात 5,19,651.8 टन (424.6 मिलियन डॉलर) है। इस लिहाज से न्यूजीलैंड का हिस्सा अभी सीमित है, लेकिन नई रियायतों से इसमें बढ़ोतरी की संभावना है। इस समझौते में कृषि उत्पादों (सेब, कीवी, मानुका हनी) और एल्यूमिनियम के लिए बाजार पहुंच को 'टैरिफ रेट कोटा' प्रणाली के माध्यम से प्रबंधित किया जाएगा। यह प्रणाली सुनिश्चित करती है कि भारतीय उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विकल्प मिलें, लेकिन साथ ही 'न्यूनतम आयात मूल्य' जैसे उपाय यह गारंटी देते हैं कि सस्ता आयात भारतीय किसानों की आय पर चोट न पहुंचाए।



### तकनीक के बदले बाजारः क्या है न्यूजीलैंड का वादा?

- समझौते की शर्तों के मुताबिक, न्यूजीलैंड ने भारत में सेब, कीवी और शहद उत्पादन की गुणवत्ता और क्षमता बढ़ाने के लिए 'फोकस्ड एक्शन प्लान' पर सहमति जताई है। इसके तहत न्यूजीलैंड भारत में 'सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस' (उत्कृष्टता केंद्र) स्थापित करने में मदद करेगा। सहयोग के इस ढांचे में बागान मालिकों के लिए बेहतर पौध सामग्री उपलब्ध कराना, क्षमता निर्माण, बागान प्रबंधन में तकनीकी सहायता, फसल कटाई के बाद के प्रबंधन, सप्लाई चेन को मजबूत करना और खाद्य सुरक्षा के मानक तय करना शामिल है।
- प्रीमियम सेब की खेती और टिकाऊ मधुमक्खी पालन के लिए शुरू की जाने वाली परियोजनाएं भारत में उत्पादन की गुणवत्ता को वैश्विक मानकों तक ले जाने में मदद करेंगी। मंत्रालय ने अपने बयान में साफ कहा है, सेब, कीवी और मानुका हनी के लिए सभी टैरिफ रेट कोटा कृषि उत्पादकता कार्य योजनाओं की डिलीवरी से जुड़े हैं और जेएपीसी इसकी सख्त निगरानी करेगी।

### एफएसआईबी ने

## ब्रजेश कुमार सिंह को केनरा बैंक के एमडी और सीईओ पद के लिए चुना



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने सोमवार को बेंगलुरु स्थित केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक पद के लिए ब्रजेश कुमार सिंह के नाम की सिफारिश की। सिंह वर्तमान में इंडियन बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं, इस महीने सेवानिवृत्त हो रहे के सत्यनारायण राजू का स्थान लेंगे।

सरकारी बैंकों और वित्तीय संस्थानों के निदेशकों की भर्ती करने वाली संस्था एफएसआईबी ने चयन प्रक्रिया के परिणाम की घोषणा करते हुए एक बयान में कहा कि ब्यूरो ने सोमवार को 17 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया। बयान में कहा गया, ₹इंटरफेस में उनके प्रदर्शन, समग्र अनुभव और मौजूदा मापदंडों को ध्यान में रखते हुए, ब्यूरो कैनरा बैंक में एमडी और सीईओ के पद के लिए ब्रजेश कुमार सिंह की सिफारिश करता है।₹ एफएसआईबी की सिफारिश पर अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा लिया जाएगा। हेडहंटर के अन्य सदस्य पूर्व ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष और एमडी अनिमेष चौहान, आरबीआई के पूर्व कार्यकारी निदेशक दीपक सिंघल और पूर्व आईएनजी वैश्य बैंक के पूर्व एमडी शैलेन्द्र भंडारी हैं।

### क्या आपने चेक किया अपना आईटीआर 31 दिसंबर है आखिरी मौका

# 15 लाख करदाताओं ने सुधारी अपनी गलती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सीबीडीटी की सख्ती के बाद 15 लाख से ज्यादा करदाताओं ने रिवाइज्ड आईटीआर रिटर्न भरा है। क्या आपने भी गलत कारण दिखाकर है लिया है डिडक्शन 31 दिसंबर 2025 से पहले करें सुधार, वरना बढ़ेगी परेशानी। पढ़ें पूरी रिपोर्ट।




आयकर विभाग की सख्ती और डेटा एनालिटिक्स की निगरानी का बड़ा असर देखने को मिला है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड यानी सीबीडीजी की ओर से संदिग्ध डिडक्शन क्लेम करने वालों को भेजे गए नोटिस और 'नज अभियान' के बाद, मौजूदा असेसमेंट ईयर (2025-26) के लिए 15 लाख से अधिक करदाताओं ने अपनी गलती सुधारते हुए 'रिवाइज्ड रिटर्न' दाखिल किया। विभाग ने साफ चेतावनी दी है कि रिटर्न में सुधार करने की अंतिम तारीख 31 दिसंबर, 2025 है। इसके बाद गलती सुधारने का मौका तो मिलेगा, लेकिन वह महंगा पड़ सकता है।

विभाग ने पाया कि कई राजनीतिक पार्टियां, जो चुनाव आयोग में रजिस्टर्ड तो थीं लेकिन सक्रिय नहीं थीं। उनका इस्तेमाल काले धन को सफेद करने, हवाला ट्रांजैक्शन और बोगस रसीदें जारी करने के लिए किया जा रहा था। इसी आधार पर विभाग ने 12 दिसंबर से करदाताओं को चेतावनी भरे संदेश भेजने शुरू किए थे।

विभाग ने अपने बयान में साफ-साफ कहा, सलाह दी जाती है कि संबंधित करदाता अपने आईटीआर की समीक्षा करें। यदि उन्होंने कोई गलत डिडक्शन या छूट क्लेम की है, तो 31 दिसंबर, 2025 तक रिवाइज्ड रिटर्न दाखिल कर लें, ताकि भविष्य में किसी भी तरह की जांच या पूछताछ से बचा जा सके। बिना जुर्माने के रिवाइज्ड रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 दिसंबर, 2025 है। जनवरी 2026 से, करदाता केवल 'अपडेटेड रिटर्न' ही भर पाएंगे। ऐसी स्थिति में उन्हें टैक्स पर अतिरिक्त जुर्माना और ब्याज देना पड़ सकता है। टैक्स विशेषज्ञों का कहना है कि अगर आपको विभाग से कोई सूचना नहीं भी मिली है, तो भी एक बार अपनी ओर से क्लेम किए गए सेक्शन 80जी (डोनेशन) या राजनीतिक चंदे से जुड़े क्लेम को क्रॉस-वेरिफाई जरूर कर लें।

### आयकर विभाग ने बताया- अनुपालन को लेकर बढ़ी गंभीरता

- आयकर विभाग की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, करदाताओं में अनुपालन को लेकर गंभीरता बढ़ी है। असेसमेंट ईयर 2025-26 के लिए अब तक 15 लाख से ज्यादा टैक्सपेयर्स ने अपने रिटर्न रिवाइज किए हैं चालू वित्त वर्ष के दौरान 21 लाख से अधिक करदाताओं ने 'अपडेटेड रिटर्न' दाखिल किया है। वहीं, अपडेटेड रिटर्न के जरिए सरकार के खजाने में लगभग 2,500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त टैक्स जमा हुआ है।
- सीबीडीटी ने डेटा एनालिसिस में पाया था कि बड़ी संख्या में करदाताओं ने टैक्स बचाने के लिए गलत तरीके अपनाए। विभाग ने 'नज अभियान' की शुरूआत की, इसके तहत उन करदाताओं को ईमेल और एसएमएस के जरिए सलाह दी गई, जिन्होंने गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को चंदा देकर गलत डिडक्शन क्लेम किया।

### पैन-आधार लिंक करने की डेडलाइन करीब

# लिंक नहीं किया तो उठाना पड़ेगा बड़ा नुकसान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

अगर पैन को तय समय तक आधार से लिंक नहीं किया गया, तो पैन इनऑपरेटिव हो जाएगा, यानी वह वैध रहते हुए भी काम नहीं करेगा। ऐसे में टैक्स रिटर्न फाइल करना, बैंकिंग, लोन लेना, निवेश करना और कई वित्तीय लेनदेन मुश्किल हो जाएंगे, साथ ही ऊंची दर से टीडीएस भी कट सकता है।

पैन और आधार को लिंक कराने की अंतिम तारीख अब नजदीक है। आयकर विभाग के नियमों के अनुसार, अगर 1 जनवरी 2026 तक पैन को आधार से लिंक नहीं किया गया, तो पैन इनऑपरेटिव हो जाएगा। खास तौर पर जिन लोगों का आधार 1 अक्टूबर 2024 या उससे पहले जारी हुआ है, उनके लिए 31 दिसंबर 2025 तक पैन-आधार लिंक कराना अनिवार्य है। समय पर लिंकिंग न होने की स्थिति में टैक्स फाइलिंग, बैंकिंग और वित्तीय लेनदेन से जुड़े कई जरूरी काम प्रभावित हो सकते हैं। पैन इनऑपरेटिव का सीधा मतलब है कि पैन कार्ड वैध होते हुए भी काम नहीं करेगा। यानी कानूनन पैन रहेगा, लेकिन आप उसका इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे।

पैन इनऑपरेटिव होने पर पर्सनल लोन, होम लोन या कम ब्याज वाले कर्ज लेना मुश्किल हो सकता है। इसके अलावा कई वित्तीय लेनदेन पर उच्च दर से टीडीएस कट सकता है, जिससे टैक्स बोझ बढ़ सकता है। बैंक खाते, निवेश और अन्य वित्तीय सेवाओं में भी दिक्कतें आ सकती हैं। अगर तय समयसीमा तक पैन-आधार लिंक नहीं किया गया, तो पैन को दोबारा सक्रिय कराने के लिए 1,000 का जुर्माना देना होगा। पहले से देरी होने पर भी 1,000 रुपये की लेट फीस देनी पड़ सकती है। कई मामलों में नाम, जन्मतिथि या मोबाइल नंबर में अंतर के कारण लिंकिंग फेल हो जाती है। ऐसे में पहले जानकारी सही कराना जरूरी है। अगर इसके बाद भी लिंकिंग नहीं हो पाती है, तो अधिकृत पैन सेवा केंद्र पर जाकर बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन के माध्यम से लिंकिंग कराई जा सकती है।

## साफ हवा नहीं, तो एयर प्यूरीफायर पर टैक्स क्यों:सरकार से दिल्ली हाईकोर्ट का सवाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार और अधिकारियों से पूछा कि जब राजधानी में हवा की स्थिति इमरजेंसी जैसी बनी हुई है तो एयर प्यूरीफायर पर 18% GST क्यों लगाया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि अगर सरकार लोगों को साफ हवा उपलब्ध नहीं करा पा रही तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर टैक्स ही कम कर दें।

चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गडेला की डिवीजन बेंच ने कहा कि हर नागरिक को साफ हवा में सांस लेने का अधिकार है। ऐसे हालात में एयर प्यूरीफायर को लग्जरी आइटम मानकर 18% GST लगाना ठीक नहीं है।

कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी, जिसमें मांग की गई थी कि एयर प्यूरीफायर को मेडिकल डिवाइस की श्रेणी में रखा जाए और इन पर GST 18% से घटाकर 5% किया जाए। अपील में कहा गया कि खराब अदक के समय में एयर प्यूरीफायर अब लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत बन चुका है। मामले की अगली सुनवाई 26 दिसंबर को होगी।

वहीं, सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि दिल्ली में दो से तीन दिन रहने पर मुझे इन्फेक्शन हो जाता है। प्रदूषण का 40% हिस्सा ट्रांसपोर्ट सेक्टर ही फैला रहा है, जिसका मैं मंत्री हूं।

### पॉल्यूशन पर दिल्ली हाईकोर्ट के 3 कमेंट

जब सरकार खुद साफ हवा देने में नाकाम है तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर GST घटाना या टैक्स में छूट देना सबसे बुनियादी कदम हो सकता है।

कोर्ट ने पूछा कि लोग कब तक इंतजार करें? क्या तब तक, जब हालात और ज्यादा गंभीर हो जाएं? एक व्यक्ति दिन में करीब 21 हजार बार सांस लेता है और जहरीली हवा का असर सीधे स्वास्थ्य पर पड़ता है।

केंद्र से पूछा कि जब हालात एयर इमरजेंसी जैसे हैं, तो क्या किसी आपात प्रावधान के तहत अस्थायी रूप से एयर प्यूरीफायर को GST से छूट नहीं दी जा सकती।

बेंच ने सुझाव दिया कि 15 दिन या किसी तय अवधि के लिए ही सही, टैक्स राहत पर विचार किया जा सकता है। कोर्ट ने साफ किया कि वह सिर्फ लंबी तारीखें नहीं, बल्कि मौजूदा हालात में ठोस प्रस्ताव चाहती है।

### PIL में क्या मांग की गई है?

यह याचिका एडवोकेट कपिल मदान ने दायर की है। इसमें कहा गया है कि मेडिकल डिवाइस रूल्स और 2020 की केंद्र सरकार की अधिसूचना के अनुसार एयर प्यूरीफायर ह्रमेडिकल डिवाइसह्न की परिभाषा में आते हैं। याचिका में दलील दी गई है कि जब अधिकांश मेडिकल डिवाइस पर 5% GST लगता है, तो एयर प्यूरीफायर पर 18% GST तर्कसंगत नहीं है।

याचिकाकर्ता ने WHO और स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाह का हवाला देते हुए कहा कि खराब से गंभीर अदक के दौरान, खासकर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों के लिए एयर प्यूरीफायर को सुरक्षा उपकरण के रूप में देखा जाता है। ऐसे में इन्हें लग्जरी मानकर ऊंचा टैक्स लगाना लोगों के स्वास्थ्य अधिकार पर अतिरिक्त बोझ डालता है।

### वकील ने कहा- इस पर फैसला जीएसटी काउंसिल लेगी

लंच के बाद सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश वकील ने चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की डिवीजन बेंच के सामने जवाब दाखिल किया। उन्होंने कहा कि मामले में फैसला GST काउंसिल लेगी।

# राजस्थान-एमपी के 2 शहरों में पारा 2.6° और 3.8°:यूपी में सर्दी से 3 लोगों की मौत;

## जम्मू-कश्मीर के 5 जिलों में एवलांच की चेतावनी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में शीतलहर चल रही है। राजस्थान में मंगलवार को उत्तरी हवाओं के असर से सर्दी और तेज हो गई। सीकर जिले का फतेहपुर प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश के पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री पर पहुंच गया। सीजन में पहली बार पचमढ़ी में तापमान इतना कम हुआ है। मौसम विभाग ने कहा है कि नए साल की शुरूआत तक राज्य के कुछ हिस्सों में कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। सुबह के समय हल्का से घना कोहरा छाने की आशंका है।

उत्तर प्रदेश के लखनऊ, प्रयागराज समेत 50 से ज्यादा जिले घने कोहरे की चपेट में हैं। कई जिलों में विजिबिलिटी शून्य है। गोरखपुर में गुरुवार सुबह से बादल छाए हैं। सड़कों पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है। पिछले 3 दिनों के दौरान सर्दी से 3 लोगों की मौत हो चुकी है।

जम्मू-कश्मीर में पिछले कुछ दिनों से लगातार बर्फबारी के बाद बुधवार रात सिर्फ बादल छाए रहे। इससे सर्दी में कमी आई। अधिकतर इलाकों में रात का तापमान बढ़ा और पारा शून्य से ऊपर दर्ज किया गया।

हालांकि, तापमान बढ़ने से पहाड़ों पर जमी बर्फ खिसकने का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग ने डोडा, गांदरबल, किश्तवाड़, पुंछ और रामबन जिलों में एवलांच की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के मुताबिक, 24 घंटों में 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में एवलांच हो सकता है।

पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार में कोहरे के साथ ठंडी उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने की संभावना है। कोल्ड डे जैसी स्थिति रहेगी। दिन और रात का तापमान 7 डिग्री से कम हो तो उसे कोल्ड डे कहते हैं। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी तेज हो सकती है,



## 3 नई एयरलाइंस को केंद्र की हरी झंडी, शंख एयर, अलहिंद एयर और फ्लाई एक्सप्रेस को एनओसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने एविएशन सेक्टर में कॉम्पिटिशन बढ़ाने और बड़ी एयरलाइंस पर निर्भरता कम करने के लिए तीन नई एयरलाइंस को नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जारी किया है। इन एयरलाइंस के नाम शंख एयर, अलहिंद एयर और फ्लाई एक्सप्रेस हैं। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब हाल ही में इंडिगो के ऑपरेशन से जुड़ी दिक्कतें सामने आई थीं। इसके बाद सरकार को लगा कि भारतीय एविएशन सेक्टर में ज्यादा कंपनियों और विकल्पों की जरूरत है।

नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि सरकार का लक्ष्य भारतीय आसमान में ज्यादा एयरलाइंस को बढ़ावा देना है। सरकार का मानना है कि नई एयरलाइंस के आने से यात्रियों को बेहतर सेवा और ज्यादा विकल्प मिलेंगे। एविएशन इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि इससे भारतीय एविएशन सेक्टर में नई प्रतिस्पर्धा शुरू होगी। हालांकि, इन नई एयरलाइंस के सामने असली चुनौती अब शुरू होती है। उन्हें पूंजी जुटानी होगी, विमान बेड़े को तैयार करना होगा और मजबूत नेटवर्क खड़ा करना होगा, ताकि वे सही मायनों में उड़ान भर सकें। जानकारों के मुताबिक, अगर ये एयरलाइंस सफल होती हैं, तो इसका सीधा फायदा यात्रियों को मिलेगा। टिकटों के ज्यादा विकल्प मिलेंगे और देश के अलग-अलग हिस्सों की एयर कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी।

### एनओसी मिलने के बाद भी कई प्रक्रियाएं

एनओसी मिलने का मतलब है कि सरकार ने इन कंपनियों को एयरलाइन शुरू करने की आगे की प्रक्रिया शुरू करने की अनुमति दे दी है। अब अगला कदम डीजीसीए से एयर ऑपरेटर सर्टिफिकेट (अडउ) लेना होगा। इसके साथ ही इन्हें विमान (फ्लीट), पायलट और स्टाफ, मेंटेनेंस और रूट नेटवर्क से जुड़ी सारी तैयारियां करनी होंगी। यह पूरी प्रक्रिया आमतौर पर कई महीनों तक चलती है। इसी दौरान यह साफ होता है कि कोई एयरलाइन आर्थिक रूप से कितनी मजबूत है और उड़ान संचालन के लिए कितनी तैयार है।

## 20 साल बाद उद्धव-राज ठाकरे की पार्टी में गठबंधन: कहा- हमारी सोच एक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उद्धव और राज ठाकरे ने बुधवार को बृहन मुंबई नगर निगम (इटउ) चुनाव एक साथ लड़ने का ऐलान किया। 20 साल बाद दोनों की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) और मनसे में चुनावी गठबंधन हुआ है। इससे पहले 2005 में राज ठाकरे ने शिवसेना से अलग होकर मनसे पार्टी बनाई थी। दोनों ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारी सोच एक है अगर बंटेंगे तो बिखरेंगे। महाराष्ट्र के लिए हम सब एक हैं। इससे पहले दोनों नेता शिवाजी पार्क स्थित बालासाहेब ठाकरे के स्मारक पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। राज ठाकरे बोले- मुंबई का मेयर मराठी होगा: मैंने एक बार कहा था कि हमारी आपसी किसी भी विवाद या लड़ाई से महाराष्ट्र बड़ा है। आज की बैठक के बाद हम अन्य नगर निगमों के लिए भी घोषणा करेंगे। मुंबई का मेयर मराठी ही होगा और वह हमारे दल से होगा। उद्धव ठाकरे बोले- बंटेंगे तो हम सब बिखर जाएंगे: मैं सभी से अनुरोध और अपील करता हूं कि पिछली विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा ने 'बंटेंगे तो कटेंगे' जैसा दुष्प्रचार किया था। मैं मराठी लोगों से कहना चाहता हूं- अब अगर आपसे चूक हुई तो सब खत्म हो जाएगा। अब अगर हम बंटे तो पूरी तरह मिट जाएंगे। इसलिए न टूटें, न बंटें। मराठी अस्मिता की विरासत को न छोड़ें।


### बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ती हुई दूसरी लेन में चली गई और सामने से आ रहीं 2 कारों से टकरा गई

## बस का टायर फटने से हादसा- तमिलनाडु में बस ने 2 कारें कुचलीं, 9 की मौत: 4 घायल

### कारें पूरी तरह चकनाचूर

तमिलनाडु के कडलूर जिले में बुधवार रात सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि तिरुचिरापल्ली से चेन्नई जा रही रोडवेज बस का स्टेट हाईवे पर टायर फट गया था।

बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ती हुई दूसरी लेन में चली गई और सामने से आ रहीं 2 कारों को कुचल दिया। दोनों कारें बस के नीचे फंसकर पूरी तरह चकनाचूर हो गईं। हादसे की सूचना मिलते ही तित्ताकुडी और रामनाथम पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से फंसे लोगों को बाहर निकाला। घायलों को तित्ताकुडी और पेरंबलूर के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हादसे के कारण चेन्नई-तिरुचि नेशनल हाईवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। करीब दो घंटे बाद क्रेन से वाहन हटाकर यातायात चालू किया गया।



### मृतकों में 5 पुरुष और 4 महिलाएं शामिल

सड़क हादसे में दोनों कारों में सवार 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि 2 लोगों की इलाज के दौरान मौत हुई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों में 5 पुरुष और 4 महिलाएं शामिल हैं। 4 घायलों का इलाज जारी है, इनमें 2 बच्चे भी शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री ने मृतकों-घायलों के लिए मुआवजे का ऐलान किया

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। सीएम ने मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिवारों को 3-3 लाख रुपए देने का ऐलान किया है।

### भारतीय कंपनियों को फायदा होगा, ज्यादा ऑर्डर मिलेंगे और रोजगार के मौके बढ़ सकते

# ट्रेड वार्ता में भारत का अमेरिका को फाइनल ऑफर: टैरिफ 50% से घटाकर 15% करो, रूसी तेल पर लगी पेनाल्टी भी खत्म हो

**ब्रह्मास्त्र** ›› वाशिंगटन

भारत ने अमेरिका के सामने ट्रेड वार्ता में अपना आखिरी प्रस्ताव रख दिया है। भारत चाहता है कि उस पर लगाए गए कुल 50% टैरिफ को घटाकर 15% किया जाए और रूस से कच्चा तेल खरीदने पर जो एक्सट्रा 25% पेनाल्टी लगाई गई है, उसे पूरी तरह खत्म किया जाए। दोनों देशों के बीच चल रही इस वार्ता से उम्मीद है कि नए साल में कोई ठोस फैसला निकल सकता है।

दोनों देशों के बीच एक व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है, लेकिन अधिकारियों का मानना है कि इसे इस साल के अंत तक पूरा करना मुश्किल है। अब उम्मीद जनवरी में है, जब नए व्यापार आंकड़े आएंगे और बातचीत में तेजी आ सकती है।

इस हफ्ते भारत और अमेरिका की व्यापार टीमों के बीच दिल्ली में बैठक हुई। बातचीत दो मुद्दों पर हो रही है। पहला एक बड़े और स्थायी व्यापार समझौते पर और दूसरा अमेरिका की तरफ से भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ को हटाने या कम करने के लिए एक फ्रेमवर्क समझौते पर।

### अगर अमेरिका भारत का प्रस्ताव मान लेता है

अगर अमेरिका भारत पर लगाया गया 50% टैक्स घटाकर 15% कर देता है और रूस से तेल खरीदने पर 25% की पेनाल्टी हटा देता है, तो- भारतीय सामान अमेरिका में सस्ता होगा, जिससे वहां हमारा एक्सपोर्ट बढ़ेगा। भारतीय कंपनियों को फायदा होगा, ज्यादा ऑर्डर मिलेंगे और रोजगार के मौके बढ़ सकते हैं। भारत में डॉलर ज्यादा आएगा, जिससे अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। भारत रूस से सस्ता तेल बिना डर के खरीद सकेगा, इससे पेट्रोल-डीजल के दाम काबू में रहेंगे। दोनों देशों के रिश्ते और बेहतर होंगे और आगे बड़ा व्यापार समझौता आसान हो जाएगा।

### रूसी तेल की खरीद में गिरावट दर्ज हो सकती है

बातचीत से जुड़े लोगों के मुताबिक, 2025 में इस समझौते के पूरा होने की संभावना अब कम होती जा रही है, क्योंकि साल खत्म होने में बहुत कम समय बचा है। सूत्रों के मुताबिक, फ्रेमवर्क समझौते पर बातचीत दिवाली के आसपास पूरी हो चुकी थी, लेकिन अब अमेरिका, खासकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से औपचारिक घोषणा का इंतजार किया जा रहा है। देरी की वजह को लेकर अधिकारी सीधे तौर पर व्हाइट हाउस और राष्ट्रपति के फैसले की ओर इशारा कर रहे हैं। उम्मीद की एक वजह यह भी है कि जनवरी में आने वाले आंकड़ों में भारत के रूसी तेल आयात में बड़ी गिरावट दिख सकती है। नवंबर 21 से रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर अमेरिकी प्रतिबंध लागू हुए हैं। इसके बाद भारत का रूस से तेल आयात घटने लगा है।


### अगर अमेरिका भारत का प्रस्ताव नहीं मानता है

भारतीय सामान अमेरिका में महंगे रहेंगे, जिससे हमारी बिक्री घट सकती है। कुछ इंडस्ट्री पर दबाव पड़ेगा, मुनाफा घट सकता है और नौकरियों पर असर पड़ सकता है। रूस से तेल खरीदना महंगा या मुश्किल हो जाएगा, जिससे ईंधन के दाम बढ़ सकते हैं। दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ सकता है और व्यापार समझौते में देरी हो सकती है।

### 25% टैरिफ रूसी तेल खरीदने की वजह से

अमेरिका ने भारत पर कुल 50% टैरिफ लगाया है। इसमें से 25% को वह ह्यरेसिप्रोकल (जैसे को तैसा) टैरिफह्व कहता है। जबकि 25% रूसी तेल खरीदने की वजह से लगाया गया है। अमेरिका का कहना है कि इससे रूस को यूक्रेन युद्ध जारी रखने में मदद मिल रही है। भारत का कहना है कि यह पेनाल्टी गलत है और इसे तुरंत हटाया जाना चाहिए। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने फ्रेमवर्क समझौते को लेकर भरोसा जताया है और कहा है कि इस पर जल्द सहमति बन सकती है, हालांकि उन्होंने कोई तय समयसीमा नहीं बताई।




### रूस के याकूतिया में तापमान -56 डिग्री, ये धरती पर सबसे कम

**मॉस्को।** रूस के याकूतिया में जबरदस्त ठंड पड़ रही है। यहां तापमान -56 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है, जो इस समय धरती पर सबसे कम माना जा रहा है। इतनी ठंड में खुली जगह पर कुछ ही मिनटों में शरीर सुन्न हो सकता है।

याकूतिया के टिकसी गांव में पिछले तीन दिनों से तेज बर्फीला तूफान चल रहा है। चारों तरफ बर्फ ही बर्फ नजर आ रही है। तेज हवा के साथ उड़ती बर्फ ने लोगों का बाहर निकलना बहुत मुश्किल कर दिया है। हालात को देखते हुए प्रशासन ने सभी स्कूलों में छुट्टी कर दी है और छोटे बच्चों के किंडरगार्टन भी बंद कर दिए गए हैं, ताकि बच्चे सुरक्षित रहें। लगातार हो रही बर्फबारी से कई घरों के मुख्य दरवाजों तक बर्फ जम गई है। कुछ जगहों पर तो बर्फ इतनी ज्यादा है कि लोग अपने घरों से बाहर ही नहीं निकल पा रहे हैं। कई परिवारों को जरूरी सामान पाने में भी दिक्कत हो रही है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ सकती है और तापमान -60 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।

# 17 साल बाद बांग्लादेश लौट रहे खालिदा जिया के बेटे: एक लाख कार्यकर्ता करेंगे स्वागत

**ब्रह्मास्त्र** ›› ढाका

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान आज 17 साल बाद देश लौटेंगे। एयरपोर्ट के पास उनका स्वागत करने के लिए उनकी पार्टी इठढ के 1 लाख कार्यकर्ता जुटेंगे।

रहमान गिरफ्तारी से बचने के लिए 2008 में लंदन भाग गए थे। तब हसीना सरकार में उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के कई मामले चल रहे थे।

बांग्लादेश में अगले साल 12 फरवरी को आम चुनाव होने हैं। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को बैन कर दिया गया है। ऐसे में बांग्लादेशी नेशनलिस्ट पार्टी (इठढ) चुनाव जीतने की सबसे बड़ी दावेदार है। अध्यक्ष खालिदा जिया की उम्र 80 साल हो चुकी है और बहुत बीमार चल रही हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि



रहमान अगले ढट के दावेदार हो सकते हैं। तारिक रहमान 25 दिसंबर को बांग्लादेश पहुंचेंगे। उनके स्वागत के लिए इठढ के एक लाख से ज्यादा कार्यकर्ता ढाका एयरपोर्ट के पास मौजूद रहेंगे। तारिक की वापसी के चलते ढाका पहुंचने वाले रास्ते 25 दिसंबर की दोपहर से 26 दिसंबर की शाम तक बंद रहेंगे।

तारिक रहमान पहले ही फरवरी 2025 का आम चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं। 26 दिसंबर को वे बोगुरा में अपने पिता की कब्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और उसी दिन बोगुरा सीट से अपना चुनावी नामांकन दाखिल करेंगे। जून में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने अपनी यूके की यात्रा के दौरान तारिक रहमान से मुलाकात की थी। बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मुलाकात के बाद से उन्हें बांग्लादेश के अगले प्रधानमंत्री के रूप में देखा जा रहा है। तारिक रहमान की मां खालिदा जिया की उम्र 80 साल है। वे लंबे समय से बीमार चल रहीं हैं और फिलहाल आईसीयू में भर्ती हैं। खालिदा ने नवंबर में चुनाव प्रचार का ऐलान किया था, जिसके कुछ ही दिनों बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। अभी तारिक इठढ के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। वे बांग्लादेश लौटकर पार्टी की कमान अपने हाथ में ले सकते हैं। 15 दिसंबर 2025 को लंदन से एक वर्चुअली आयोजित सभा में चुनावों को लेकर उन्होंने कहा था, ये कोई साधारण चुनाव नहीं है, बल्कि पहले के किसी भी चुनाव से बेहद जटिल और महत्वपूर्ण है। अगला दशक परिवर्तन का दशक होगा।

# थाईलैंड ने कंबोडिया में भगवान विष्णु की मूर्ति तोड़ी, बुलडोजर से गिराई;



### भारत बोला- ऐसे काम न करें, यह लोगों की आस्था पर हमला

**ब्रह्मास्त्र** ›› कंबोडिया

थाईलैंड और कंबोडिया की बॉर्डर पर थाई सेना ने भगवान विष्णु की एक मूर्ति तोड़ दी। एशियानेट न्यूज रिपोर्ट के मुताबिक थाई सैनिकों ने बुलडोजर चलाकर मूर्ति को गिरा दिया। घटना सोमवार, 22 दिसंबर की बताई जा रही है।

कंबोडिया ने इसे लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि मूर्ति उसके इलाके में थी, जिसे थाईलैंड ने अवैध तरीके से गिरा दिया। मूर्ति की ऊंचाई 30 फीट बताई जा रही है। कंबोडिया के प्रीह विहार प्रांत के सरकारी प्रवक्ता किम चानपनहा ने कहा कि इस मूर्ति को 2014 में थाईलैंड की सीमा से करीब 100 मीटर दूर बनाया गया था। भारत ने मूर्ति तोड़े जाने की खबरों पर चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को धार्मिक प्रतीकों का अपमान दुनिया भर के श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करता है और ऐसे काम नहीं होने चाहिए।

### थाईलैंड-कंबोडिया के बीच 6 महीने से संघर्ष जारी

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच पिछले 6 महीने से प्रीह विहार मंदिर के इलाके को लेकर विवाद चल रहा है। जून में दोनों देशों के बीच जंग भी हुई थी। हालांकि ट्रम्प की मध्यस्थता के बाद सीजफायर हो गया था। लेकिन दिसंबर में एक बार फिर विवाद भड़क गया है। अब तक संघर्ष में 40 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है, जबकि 10 लाख से ज्यादा को पलायन करना पड़ा है।


थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद 118 साल पुराना है। इसका केंद्र प्रीह विहार और ता मुएन थॉम जैसे प्राचीन मंदिर हैं, जो दोनों देशों की सीमा के बेहद करीब स्थित हैं। 1907 में, जब कंबोडिया फ्रांस के अधीन था, दोनों देशों के बीच 817 किमी लंबी सीमा खींची गई। थाईलैंड ने इसका विरोध किया, क्योंकि नक्शे में प्रीह विहार मंदिर कंबोडिया के हिस्से में दिखाया गया था। ता मुएन थॉम मंदिर को थाईलैंड में दिखाया गया, जिसे कंबोडिया अपना मानता है। यह विवाद 1959 में इंटरनेशनल कोर्ट तक पहुंचा। 1962 में अदालत ने प्रीह विहार मंदिर को कंबोडिया का हिस्सा माना। थाईलैंड ने फैसले को स्वीकार किया, लेकिन आसपास की जमीन पर दावा आज भी जारी है। ऐतिहासिक रूप से भी खमेर साम्राज्य (कंबोडिया) और सियाम साम्राज्य (थाईलैंड) के बीच सीमाओं और प्रभाव क्षेत्र को लेकर संघर्ष लंबे समय तक चलता रहा है, जिसका असर आज तक दिखता है।

### जानिए थाईलैंड-कंबोडिया के बीच जंग क्यों छिड़ी थी

दोनों देशों की सेनाओं के बीच 28 मई को एमरॉल्ड ट्राइंगल पर भिड़ंत हुई थी, जिसमें एक कंबोडियाई सैनिक की मौत हो गई थी। यह वो जगह है जहां थाईलैंड, कंबोडिया और लाओस की सीमाएं मिलती हैं। थाईलैंड और कंबोडिया दोनों ही इस इलाके पर दावा करते हैं। कंबोडियाई सेना के मुताबिक थाई सैनिक ने बॉर्डर इलाके के पास ता मुएन थॉम मंदिर को घेरकर उसके चारों ओर कंटीले तार लगा दिए थे। इसके बाद थाई सैनिकों ने ड्रोन छोड़ा और हवाई फायरिंग की। वहीं, थाई सेना के मुताबिक पहले कंबोडियाई सैनिकों ने संघर्ष शुरू किया। थाईलैंड ने बातचीत के जरिए तनाव कम करने की कोशिश की, लेकिन जब बात नहीं बनी तो गोलीबारी शुरू हो गई।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-2
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | | 31 | | 32 | | 50 | = | 94 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 10 | | 5 | | 40 | | 15 | = | 25 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 45 | | 40 | | 36 | | 25 | = | 50 / 16 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | गु | क | वि |
| दी | बी | सू | ह | क्या | ल | जी | दि | ल | को | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | ज्ञा | ल | क | वा | हा | ह | व | म |
| दा | ज | न | प | व | म | हे | डी. | ग्म | सी | वें |
| दि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| बे | ह | बु | मां | या | म | र | ह | र | आ | श |
| श | जा | व | ला | ज | र | सी | डी. | ट | फ | धी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | बे | जे. | र | र |
| मि | ल | च | त | र | ट | क | वें | न | गां | ध |
| या | र | म | न | लां | वा | इ | र | म्हे | ह | धी |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# अरावली में नई खानों पर रोक, पुरानी पर बढ़ेगी सख्ती: केंद्र के सभी राज्यों को निर्देश; गहलोत बोले- इसमें कुछ भी नया नहीं



## माउंट आबू से 1000 किमी 'अरावली आंदोलन' का आगाज

**केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पूरी अरावली रेंज में नई माइनिंग लीज जारी करने पर रोक लगा दी है। केंद्र ने राज्य सरकारों को अरावली में किसी भी प्रकार के नए खनन पट्टे देने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी किए हैं।**

यह प्रतिबंध पूरे अरावली पर समान रूप से लागू होंगे। केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से जारी लिखित बयान के मुताबिक इस आदेश का मकसद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तक फैली सतत भूवैज्ञानिक श्रृंखला के रूप में अरावली की रक्षा करना और सभी अनियमित खनन गतिविधियों को रोकना है। भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद को पूरे अरावली क्षेत्र में लगातार खनन के लिए एक व्यापक, साइंटिफिक प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस प्लान में पर्यावरणीय प्रभाव और पारिस्थितिक वहन क्षमता का आकलन करने के साथ-साथ पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील और संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान करेगी। बहाली और पुनर्वास के उपाय निर्धारित करेगी। इस प्लान को संबंधित स्टेक होल्डर से परामर्श के लिए सार्वजनिक किया जाएगा।


### संरक्षित और खनन प्रतिबंधित दायरे को बढ़ाया जाएगा

केंद्र सरकार के बयान के मुताबिक पूरे अरावली क्षेत्र में खनन से सं?रक्षित और प्रति?बंधित क्षेत्रों के दायरे को और बढ़ाया जाएगा। अरावली पर तैयार किए जा रहे प्लान में इसका खास ध्यान रखा जाएगा।

### सख्ती करने और अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने के निर्देश

केंद्र सरकार ने अरावली इलाके में पहले से ही चालू खदानों के बारे में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप सभी पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों का कड़ाई से पालना सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं।

### 15 जिलों में फैली है अरावली की पहाड़ियां




(मैप प्रतीकात्मक है।)

अरावली पर्वतमाला को बचाने और उसकी सुरक्षा को लेकर 1000 किलोमीटर लंबी 'अरावली आंदोलन' जनयात्रा बुधवार को शुरू हुई। सिरोही जिले के माउंट आबू में इन जनयात्रा का आगाज हुआ। अबुर्दा देवी मंदिर से यह यात्रा शुरू हुई। इस यात्रा का उद्देश्य अरावली को बचाने और जन जागरूकता फैलाना है। इस यात्रा का नेतृत्व राजस्थान यूनिवर्सिटी जयपुर के निवर्तमान छात्रसंघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी कर रहे हैं। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे भविष्य को बचाने के लिए इस आंदोलन से जुड़ें। चौधरी ने कहा– यह लड़ाई सिर्फ पहाड़ों की नहीं, बल्कि जीवन की है।




### राजस्थान में अरावली का 80 फीसदी हिस्सा

दावा किया जाता है कि ये विश्व की सबसे पुरानी पर्वतमाला है।

692 किलोमीटर कुल लंबाई है, जबकि राजस्थान में इसका हिस्सा 550 किलोमीटर है।




सबसे ऊंची चोटी माउंट आबू की (गुरु शिखर) में है।

अरावली पर्वतमाला गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में फैली है।



राजस्थान में सबसे ज्यादा नदियां इसी से निकलती हैं।



### मास्क बन जाएगा जिंदगी का हिस्सा

एनवायरमेंट एक्सपर्ट डॉ. एसएस पूनिया के अनुसार, अरावली रेगिस्तान की रेत को रोकती है। अरावली पर संकट आया तो रेगिस्तान की महीन रेत सीधे हमारे शहरों तक पहुंचेगी। हवा में हर समय धूल रहेगी। सांस लेने के लिए ऑक्सीजन मास्क ही एकमात्र विकल्प होगा। जहां भी जाएं ऑक्सीजन मास्क और सिलेंडर साथ लेकर जाना पड़ेगा।

### सांस के इतने मरीज कि हॉस्पिटल कम पड़ जाएंगे

दिल्ली का करीबी राज्य होने के कारण राजस्थान में प्रदूषण लेवल हर साल बढ़ रहा है। अरावली नहीं होने पर ये खतरा और बढ़ जाएगा। हवा में ढट2.5 और ढट10 कण बढ़ेंगे, जिससे सांस लेना मुश्किल होगा। लगातार धूल प्रदूषण से अस्थमा और फेफड़ों की बीमारियां तेजी से बढ़ेंगी। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा खतरा होगा। मरीज की संख्या बहुत ज्यादा होगी और हॉस्पिटल की कम।

### खत्म हो जाएंगे जंगल, तस्वीरों में दिखेगा टाइगर

अरावली ही जंगलों का आधार है। अरावली खत्म होने से मिट्टी कटाव बढ़ेगा, नमी घटेगी और बारिश कम होगी। बिना पानी और स्थिर जमीन के जंगल पनप नहीं पाएंगे। जंगल खत्म हुए तो वन्यजीव भी खत्म हो जाएंगे। टूरिस्ट के लिए टाइगर रिजर्व में कुछ नहीं बचेगा।

### गहलोत बोले- केंद्र के फैसले में कुछ भी नया नहीं है

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने केंद्र के फैसले को ट्विट किया है। उन्होंने लिखा- भारत सरकार द्वारा राज्यों को अरावली में क्ळ्रझ्रझ्र् के माध्यम से 'मैनेजमेंट प्लान फॉर सस्टेनेबल माइनिंग' बनने तक नए पट्टे जारी करने पर रोक लगाना, केवल सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बिंदु 50 के उप-बिंदु की पालना है। इसमें कुछ भी नया नहीं है।

### जूली बोले- ये सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों का ही अनुपालन है

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने ट्विट में लिखा- अरावली क्षेत्र में तब तक नए खनन पट्टे न देना, जब तक क्ळ्रझ्रझ्र् के माध्यम से टढरट तैयार न हो जाए, कोई नई नीति नहीं है, यह तो पहले से मौजूद सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों का ही अनुपालन है।

### नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने दिया था फैसला

20 नवंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार जमीन से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली भू-आकृति को ही अरावली पहाड़ी माना जाएगा। इस मानक से अरावली की 90% से ज्यादा पहाड़ियां संरक्षण के दायरे से बाहर हो जाएंगी। इस फैसले के बाद अरावली को बचाने की आवाजें तेज हो गईं।

### मां अबुर्दा देवी के दर्शन के साथ अभियान का आगाज

अभियान की शुरूआत निर्मल चौधरी ने मां अबुर्दा देवी के दर्शन के साथ की। वे सुबह 11:40 बजे मंदिर पहुंचे और दर्शन के बाद बाहर निकले, जहां उन्होंने सिरोही-शिवगंज के पूर्व विधायक संयम लोढ़ा से बातचीत की।

इसके बाद चौधरी पैदल ही नक्की झील की ओर रवाना हुए। यात्रा के दौरान जगह-जगह लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। इस दौरान 'निर्मल जी आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ हैं' के नारे भी लगाए गए।



### महिलाओं ने कलश यात्रा भी निकाली

पैदल यात्रा मां अबुर्दा देवी मंदिर से नक्की लेक तक पहुंची। यहां कलश लिए हुए महिलाओं ने अपने कलश का जल नक्की लेक में प्रवाहित किया। इसके बाद यात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए शहर की ओर बढ़ी।

■ वर्ष-12 अंक-53 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 25 दिसम्बर, 2025

### सुभाषितानि

**दर्शनध्यानसंस्पर्शैर्मत्स्यी कूर्मी च पक्षिणि।**
**शिशु पालयते नित्यं तथा सज्जनसंगतिः॥**

**भावार्थ** : जैसे मछली, मादा, कछुवा और चिड़ियां अपने बच्चों का पालन क्रमशः देखकर, ध्यान देकर तथा स्पर्श से करती हैं, उसी प्रकार सत्यसंगति भी हर स्थिति में मनुष्यों का पालन करती है।

**साधुम्यस्ते निवर्तन्ते पुत्रः मित्राणि बान्धवाः।**
**ये च तैः सह गन्तारस्तद्धर्मात्सुकृतं कुलम्॥**

**भावार्थ** : संसार के अधिकतर पुत्र, मित्र और भाई साधु-महात्माओं, विद्वानों आदि की संगति से दूर रहते हैं। जो लोग सत्संगति करते हैं, वे अपने कुल को पवित्र कर देते हैं।

## सम्पादकीयम्

### कर्नाटकदेशे द्वेषभाषणविषये

कर्नाटकदेशे द्वेषभाषणविषये नूतनं विधेयकम्: कठोरकायदानानि प्रकरणानाम् न्यूनीकरणं कर्तुं शक्नुवन्ति, परन्तु दुरुपयोगस्य अपि जोखिमः अस्ति कर्नाटकविधानसभायां द्वेषभाषणस्य, द्वेषापराधस्य च विरुद्धं कठोरप्रावधानं युक्तं विधेयकं प्रस्तावितं अस्ति। समाजे द्वेषं प्रसारयन्तः कथनानि अपराधानि च नियन्त्रयितुं अस्य उद्देश्यं भवति, परन्तु तस्य दुरुपयोगस्य विषये अपि चिन्ता वर्तते। कर्नाटकसभायां द्वेषभाषणस्य, द्वेषापराधस्य च विरुद्धं विधेयकं प्रस्तावितं अस्ति। अस्य उद्देश्यं अपराधानां, द्वेषप्रसारकवाक्यानां च नियन्त्रणम् अस्ति। प्रायः एतादृशाः बहवः वचनानि उद्भवन्ति येन समाजे द्वेषः वर्धते। एतत् दृष्ट्वा एतादृशाः नियमाः आवश्यकाः इव भासन्ते, परन्तु दुरुपयोगस्य विषये अपि चिन्ता वर्तते। कठोरदण्डः। विधेयकस्य प्रावधानाः अत्यन्तं कठोराः सन्ति। प्रथमे अपराधे एकतः सप्तवर्षपर्यन्तं दण्डः भवति, द्वितीये अपराधे दण्डेन सह द्वौ दशवर्षपर्यन्तं दण्डः भवति। विधेयकेन द्वेष-अपराधान्, द्वेष-भाषणं च विस्तरेण परिभाषितम् अस्ति तथा च अस्य विस्तृतः व्याप्तिः अस्ति, यत्र सार्वजनिकवक्तव्यात् आरभ्य ऑनलाइन-निगरानीपर्यन्तं सर्वं समाविष्टम् अस्ति। परम चिन्ता। निःसंदेहं द्वेषभाषणं कार्याणि च अद्यत्वे प्रमुखा समस्या अस्ति, येन कानूनव्यवस्थायाः कृते आव्हानं भवति, सामाजिकसौहार्दस्य च हानिः भवति।

देवघरमण्डले पुलिसैः साइबरअपराधविरुद्धं महती सफलता प्राप्ता

# साइबर धोखाधड़ी गिरोह बस्ट षट् शातिर अपराधिनः गृहीताः



ब्रह्मास्त्र ▸▸ रांची

झारखण्डस्य देवघरमण्डले पुलिसैः साइबरअपराधविरुद्धं महती सफलता प्राप्ता, येन डिजिटलजालसाधकानां मध्ये आघाततरङ्गाः प्रेषिताः। एकस्य सूचनायाः आधारेण देवघरजिल्लामुख्यालयस्य साइबरपुलिसस्थानकेन छापामारी कृता, संगठितरूपेण जनानां धोखाधड़ीं कृत्वा षट् कुख्याताः साइबरअपराधिनः लालहस्तेन गृहीताः। यथा यथा सम्पूर्णे क्षेत्रे वार्ता प्रसृता तथा तथा एतेषां अपराधिनां स्वस्य धोखाधड़ीं कर्तुं परिष्कृतानि पद्धतीनि, तेभ्यः प्राप्तानि अपराधसामग्रीणि च विषये जनजिज्ञासा वर्धते स्म गृहीतानाम् अभियुक्तानां पहिचानः इजहर आलम, परवेज अन्सारी, सफौल अन्सारी, रमजान मियां उर्फ गुड्डू, खुर्शीद अन्सारी, हिमांशु कुमार दास च इति ज्ञातम् अस्ति। एतेन द्रुतगत्या पुलिसकार्याणि साइबरअपराधिनां सुरक्षितं स्थानं नष्टवती यस्मात् ते देशे सर्वत्र निर्दोषजनानाम् बैंकखातेषु प्रवेशं कुर्वन्ति स्म।

सम्पूर्णस्य अभियानस्य विवरणं दत्त्वा देवघरस्य पुलिस अधीक्षकः सौरभकुमारः अवदत् यत् पलोजोरी थानाक्षेत्रस्य तुरीपर्वतस्य बाडाचट्टनस्य समीपे केचन अपराधिनः सक्रियरूपेण सन्ति, ते च महतीं धोखाधड़ीं कल्पयन्ति इति पुलिसाय दृढसूचना प्राप्ता अस्ति। सूचनां प्राप्य साइबरपुलिसस्थानकस्य देवघरस्य विशेषदलेन पर्वतीयक्षेत्रस्य घेरणं कृत्वा समयं न व्ययितम्। एतेन आकस्मिकेन आक्रमणेन अपराधिनां पुनः स्वस्थतायै समयः नासीत्। तेभ्यः पुलिसैः अष्टौ मोबाईलफोनाः एकादश सिमकार्ड् च बरामदः, परन्तु सर्वाधिकं आश्चर्यजनकं निष्कर्षं प्रतिबन्धितस्य सिमकार्डस्य आविष्कारः अभवत्। एतत् प्रतिषिद्धं सिमकार्डं पुलिस-तकनीकी-विशेषज्ञानाम् जिज्ञासां प्रेरितवान् यतः अपराधिनः सम्भवतः अन्तर्राष्ट्रीय-स्तरस्य काल-करणाय अथवा कानून-परिहाराय तस्य उपयोगं कुर्वन्ति।

बहवः परिवाराः

## वदन्ति यत् तेभ्यः समये एव सम्पूर्णा सूचना न दत्ता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

अन्वेषणस्य प्रकाशनानन्तरं तेषां विश्वासः भग्नः इति दृश्यते। बहवः परिवाराः वदन्ति यत् तेभ्यः समये एव सम्पूर्णा सूचना न दत्ता, यदा बालकानां एच.आई.वी. अन्वेषणप्रतिवेदनस्य प्रकाशनानन्तरं राज्यसर्वकारेण उत्तरदायीनां अधिकारिणां विरुद्धं कार्यवाही कर्तुं संकेतः दत्तः। स्वास्थ्यविभागस्य उच्चपदस्थस्रोताः वदन्ति यत् एषा समस्या केवलं एकस्मिन् चिकित्सालये रक्तकेन्द्रे वा सीमितं न भवितुम् अर्हति, परन्तु राज्ये सर्वत्र रक्तबैङ्कानां कायार्नुष्ठानस्य समीक्षायाः आवश्यकता वर्तते। अन्तिमप्रतिवेदनस्य आधारेण कठोरकार्यवाही भविष्यति, अपराधिनः न मुक्ताः भविष्यन्ति इति अपि सर्वकारेण स्पष्टं कृतम्।

स्वास्थ्यविशेषज्ञानाम् मते एषः प्रकरणः सम्पूर्णराष्ट्रस्य कृते चेतावनीरूपेण कार्यं करोति। एच.आई.वी.-सदृशस्य गम्भीरस्य रोगस्य रक्ताधानद्वारा संक्रमणं निगरानीयव्यवस्थायां महत्त्वपूर्णदोषान् सूचयति। यदि समये सुधारः न क्रियते तर्हि एतादृशाः प्रकरणाः पुनः भवितुं शक्नुवन्ति। विशेषज्ञाः रक्तबैङ्कानां नियमितरूपेण स्वतन्त्रलेखापरीक्षां, प्रत्येकस्य रक्तस्य एककस्य निरीक्षणार्थं प्रौद्योगिक्याः अधिकतमं उपयोगं च आग्रहयन्ति। अन्वेषणदलस्य अन्तिमप्रतिवेदनस्य प्रतीक्षायां प्रारम्भिकनिष्कर्षैः स्पष्टं कृतम् यत् सतनाप्रकरणः केवलं दुर्घटना एव न अपितु प्रणालीगतप्रमादस्य परिणामः अस्ति। इयं प्रमादः अस्मिन् क्षेत्रे एव सीमितः अस्ति वा राज्यस्य अन्येषु भागेषु अपि एतादृशाः दोषाः प्रच्छन्नाः सन्ति वा इति अपि प्रश्नः उद्भवति।

## यत नूतनवर्षस्य आरम्भेण देशस्य निर्वाचनप्रक्रियायाः मतदातासूचीनां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

दिल्ली-नगरस्य वीथिभ्यः आरभ्य लखनऊ-तिरुवनन्तपुरम-नगरयोः वीथिपर्यन्तं जनाः अधुना उत्सुकतापूर्वकं प्रतीक्षन्ते यत् निर्वाचनआयोगः न्यायालयस्य सहानुभूतिपूर्णं सल्लाहं कियत् शीघ्रं उदारतया च कार्यान्वयिष्यति। राजनैतिकविश्लेषकाः मन्यन्ते यत् यदि निर्वाचनआयोगः तिथयः विस्तारयति तर्हि न केवलं नूतनमतदातृभ्यः (विशेषतः १८ वर्षाणि पूर्णानि) पञ्जीकरणस्य अवसरं प्रदास्यति, अपितु अशुद्धदत्तांशस्य सम्पादनार्थं पर्याप्तं समयं अपि प्रदास्यति। न्यायालयस्य एतेन सक्रियपद्धत्या त्वरितरूपेण निर्मितायाः मतदातासूचौ महत्त्वपूर्णाः विसंगतयः भवितुम् अर्हन्ति इति याचिकासु बलं दत्तम्, येन निष्पक्षनिर्वाचनस्य धारणा क्षीणः भवति। विशेषतः उत्तरप्रदेशसदृशे विशाले राज्ये यत्र मतदातानां संख्या कोटिषु भवति, तत्र कतिपयानि अतिरिक्तदिनानि अपि प्रशासनिककर्मचारिणां।

### राशिफल

**मेष** : कामकाज में जिम्मेदारी बढ़ सकती है, लेकिन आप उसे संभाल लेंगे। पैसों के मामले में आज जोखिम न लें।

**वृषभ** : काम में धीमी लेकिन स्थिर प्रगति होगी। खर्च करने से पहले जरूरत और शौक में फर्क समझ लें।

**मिथुन** : काम में दौड़भाग रहेगी, लेकिन दिन के अंत तक राहत मिलेगी। पुराने काम निपटाने का अच्छा मौका है।

**कर्क** : काम के मामले में आपकी मेहनत नजर आएगी। किसी करीबी का सहयोग मनोबल बढ़ाएगा।

**सिंह** : आज दिन थोड़ा चुनौती वाला हो सकता है। किसी से टकराव से बचें। शाम के समय हालात बेहतर होंगे।

**कन्या** : काम में फोकस बना रहेगा। सेहत सामान्य रहेगी, लेकिन लापरवाही न करें। कोई अच्छी खबर मन खुश कर सकती है।

**तुला** : जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है, इसलिए समय लें। रिश्तों में साफ और सीधी बात करना बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक** : आज मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी। गुस्से में कुछ भी कहने से बचें। शाम को थोड़ा आराम जरूरी रहेगा।

**धनु** : किसी दोस्त या करीबी से मदद मिल सकती है। बाहर जाने या छोटी यात्रा का योग बन सकता है।

**मकर** : सेहत में हल्की थकान रह सकती है, खुद को आराम दें। स्वास्थ्य के मामले में सुधार के योग हैं।

**कुंभ** : किसी दोस्त की परेशानी में मदद करनी पड़ सकती है। पैसों के मामले में सोच-समझकर कदम उठाएं।

**मीन** : कोई छोटी-सी खुशी दिन को खास बना सकती है। आप उन्हें अच्छे से निभाने में सफल रहेंगे।

## ज्योतिष/वास्तु

# मीन में रहते हुए शनि 2026 में इन राशियों की चमकाएंगे किस्मत, आय में होगी वृद्धि

वर्तमान में शनि मीन राशि में गोचर कर रहे हैं और इसी स्थिति में वह नववर्ष 2026 में प्रवेश करेंगे। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, शनि का मीन राशि में होना कई राशियों के लिए बेहद शुभ फल देने वाला साबित हो सकता है।

साल 2025 में शनि देव का गोचर पूरे वर्ष का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण राशि परिवर्तन माना गया। शनि एक राशि में लगभग ढाई वर्षों तक विराजमान रहते हैं और उसके बाद ही अगली राशि में प्रवेश करते हैं। यही कारण है कि अब शनि का अगला बड़ा गोचर सीधे साल 2027 में देखने को मिलेगा। वर्तमान में वह मीन राशि में गोचर कर रहे हैं और इसी स्थिति में वह नववर्ष 2026 में प्रवेश करेंगे। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, शनि का मीन राशि में होना कई राशियों के लिए बेहद शुभ फल देने वाला साबित हो सकता है। इस दौरान शनि अपनी दृष्टि और



प्रभाव से कुछ राशियों पर विशेष कृपा बरसाएंगे। यही नहीं इन राशियों के जातकों को करियर में स्थिरता, जीवन में नई दिशा, सफलता, धन लाभ से लेकर देश-विदेश की यात्राओं का अवसर मिल सकता है। ऐसे में आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि वालों के जीवन में खुशियां आएंगी। आपको परिवार और घर दोनों और से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। निवेश के लिए जिस भी योजना में धन लगाएंगे, उसमें धन लाभ की प्राप्ति होगी। हालांकि, मेष राशि के कारोबारियों को कारोबार में मनचाहा लाभ और आय में वृद्धि की प्राप्ति होगी। जीवनसाथी के साथ अच्छा तालमेल आपको देखने को मिलेगा। सेल्स, मार्केटिंग या आइटी सेक्टर से जुड़े हैं, तो नई नौकरी की प्राप्ति के योग बनेंगे।पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों के लिए यह समय प्रमोशन के योग का निर्माण करेगा। शनि के प्रभाव से आपके अटके काम पूरे होंगे और व्यापारी वर्ग को मनचाहा लाभ मिलने की संभावना है। खास बात यह है कि, कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों में बड़ी सफलता मिल सकती है। आपको संतान पक्ष की तरफ से कोई सुखद समाचार मिल सकता है। परिवार में खुशियां बनी रहेगी और आपका समाज में भी मान-सम्मान बढ़ेगा। करियर में तरक्की मिलने से मन शांत रहेगा।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों के लिए समय बदलावों से भरा रहने वाला है। कारोबारियों को अच्छा लाभ मिलेगा। कोई दुकान, मकान या जमीन आप खरीद सकते हैं। खास बात यह है कि, करियर को लेकर बनाई गई नई योजनाएं सफल होंगी। जमापूंजी धन में वृद्धि होने की संभावना है। इस समय सत्ता-सरकार से जुड़े लोगों की मदद से लाभ की योजना से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। प्रेम संबंधों में भावनात्मक गहराई बढ़ेगी।

## खबर एक नजर...

### बदमाश के पास मिला 15 इंच लम्बा चाकू

**उज्जैन।** क्षिप्रा नदी किनारे रामघाट क्षेत्र में गाणगौर दरवाजा के नीचे मंगलवार-बुधवार रात बदमाश चाकू लेकर घूम रहा था, सूचना मिलने पर महाकाल थाना पुलिस गिरफ्तारी के लिये पहुंची और कुछ देर की तलाश के बाद बदमाश को हिरासत में लिया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 15 इंच लम्बा चाकू बरामद हो गया। पुलिस के अनुसार बदमाश गायत्रीनगर का रहने वाला अभिषेक उर्फ बगुला पिता दुर्गाप्रसाद लौहार है। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। कुछ दिनों पहले भी महाकाल पुलिस ने एक बदमाश को चाकू के साथ गणगौर दरवाजा के पास से पकड़ा था। बदमाश रात में रामघाट क्षेत्र में वारदात की नियत से घूमते है और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को निशाना बनाते है। बदमाशों की गतिविधियों को देखते हुए महाकाल पुलिस लगातार क्षिप्रा किनारे संदिग्धों और बदमाशों पर नजर रख धरपकड़ कर रही है।

### युवक पर लोहे की रॉड से हमला

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम कांथड़ी में रहने वाले पवन पिता देवीसिंह पर रात में गांव के रहने वाले बहादूर ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पवन को घायल हालत में उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां घायल ने बताया कि 4 साल पहले बहादूर से विवाद हुआ था। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। वह काम की तलाश में गुजरात चला गया था, बुधवार को न्यायालय में पेश होने पर मंगलवार को अपने घर आया था, उसे सुबह न्यायालय पेश पर जाना था, उससे पहले बहादूर ने उस पर हमला किया है। माकडोन पुलिस के अनुसार घायल के बयान दर्ज कर आरोपी बहादूर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

### ईरानी बदमाशों को भेजा गया केन्द्रीय जेल भैरवगढ़

**उज्जैन।** दुकान संचालित करने वाली महिलाओं को झांसा देकर आभूषण ठगने वाले ईरानी बदमाशों का बुधवार को रिमांड खत्म होने पर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है। बदमाशों को ग्वालियर की डबरा पुलिस ने गिरफ्तार किया था। 10 माह पहले फरवरी में नीलगंगा थाना क्षेत्र के केटीएम शोरूम के पास जनरल स्टोर्स संचालित करने वाली सावित्री नागर से 2 बदमाशों ने सामान खरीदने के बाद आधा तोला वजनी सोने के टॉप्स ठग लिये थे। कुछ दिनों पहले ग्वालियर की डबरा पुलिस ने ईरानी बदमाश हैदर अली और अफजल मियां निवासी भोपाल को गिरफ्तार किया था। दोनों से पूछताछ में नीलगंगा थाना क्षेत्र के साथ उन्हेल और बिरलाग्राम थाना क्षेत्र में महिलाओं से ठगे आभूषणों का खुलासा हुआ था। नीलगंगा पुलिस दोनों का प्रोटेक्शन वारंट जारी कराकर पूछताछ के लिये उज्जैन लाई थी। पांच दिनों की रिमांड पर दोनों बदमाशों से सावित्री नगर को झांसा देकर ठगे गये सोने के टॉप्स बरामद किये गये। एसआई भूपेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि बुधवार को रिमांड अवधि खत्म होने पर दोनों बदमाशों को कोर्ट में पेश किया गया था। जहां से केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है। दोनों बदमाशों को न्यायालय की अनुमति से उन्हेल और बिरलाग्राम पुलिस अपने यहां हुई ठगी की वारदातों के संबंध में पूछताछ के लिये लेकर जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 157-3 | 238-3 |
| मेन बाजार | 250-7 | 399-1 |
| मिलन डे | 370-0 | 350-8 |
| मिलन नाइट | 699-4 | 259-6 |

2 6 7

### प्रतापगढ़ से भाटपचलाना लाई पुलिस, 38 किलो तांबे के तार बरामद

# पिकअप से आते थे पवन चक्की के तार चोरी करने बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नवम्बर माह में ग्राम रूनीजा से पवन चक्की में लगे तांबे के तार चोरी करने वाले बदमाशों की गैंग से पूछताछ के बाद 38 किलो तांबे के तार बरामद करने में भाटपचलाना थाना पुलिस सफल हुई है। बदमाश पिकअप में सवार होकर वारदात करने आये थे।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि ग्राम रूनीजा में लगी पवन चक्की में लगे तांबे तार चोरी होने का मामला सामने आया था। प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की जा रही थी। लगातार तलाश के बाद पता चला कि पवन चक्की के तार चोरी करने वाले बदमाशों की गैंग राजस्थान की प्रतापगढ़ पुलिस की गिरफ्त में आई है। बदमाशों से पूछताछ के लिये एक टीम प्रतापगढ़ भेजी गई, इस दौरान रूनीजा में हुई वारदात का खुलासा हो गया। बदमाशों का कोर्ट से प्रोटेक्शन वारंट जारी कराया गया। मंगलवार को पांच बदमाश भूरालाल पिता सूरज डिंडोर जाति भील निवासी ग्राम रामपुरिया थाना बडी सरवन जिला रतलाम, कालू पिता सुनिल डिंडोर ग्राम मोंगवली थाना गढी जिला बांसवाडा राजस्थान, रकमलाल पिता मनोहर चरपोटा ग्राम बोरदा रतलाम, सुनील पिता मांग्या उर्फ मांगीलाल ग्राम खुटडिया बांसवाडा और केसू उर्फ कृष्णा पिता देवा निवासी ग्राम बोरदा रतलाम को पूछताछ के लिये भाटपचलाना लाया गया। बदमाशों की निशानदेही पर पवन चक्की से चोरी किया गया 38 किलो तांबे का तार बरामद किया गया है। बदमाशों ने बताया कि वह पिकअप में सवार होकर चोरी करने आये थे। थाना प्रभारी चौधरी के अनुसार पिकअप प्रतापगढ़ थाना पुलिस द्वारा जप्त की गई है। बुधवार को प्रोटेक्शन रिमांड खत्म होने पर पांचों बदमाशों का प्रतापगढ़ जेल भेजा गया है।




#### नवम्बर में चोरी की थी मारूति कार

थाना प्रभारी ने बताया कि पवन चक्की के तार चोरी करने वाले बदमाशों से नवम्बर माह में मारूति सुजिकी कार चोरी का भी खुलासा हुआ है। ग्राम सुरेल में रहने वाले हीरालाल पिता रमेश उर्फ रामेश्वर डोडिया की कार क्रमांक एमपी 20 सीएच 5486 अज्ञात बदमाश चुराकर ले गये थे। मामला सामने आने पर बदमाशों की तलाश शुरू की गई थी। इस दौरान पता चला था कि कार ताल-नागदा मार्ग की ओर गई है। पुलिस ने घेराबंदी कर बदमाशों का पकड़ने का प्रयास किया था, लेकिन बदमाश कार को जंगल में छोड़कर भाग निकले थे। पवन चक्की के तार चोरी के आरोपियों से सख्त पूछताछ में उन्होने कार चोरी करना भी कबूल किया है।

#### मप्र-राजस्थान में करते है वारदात

भाटपचलाना थाना पुलिस की पूछताछ में बदमाशों ने स्वीकार किया कि वह मध्यप्रदेश और राजस्थान में लगी पवन चक्की के तार चोरी करने की वारदात को अंजाम देते है। गैंग में 20 सदस्य है, जो अलग जिलों में चोरी करने पहुंचते है। रूनीजा में पवन चक्की के तार चोरी करने पहले वह ग्राम सुरेल आये थे, जहां से कार चोरी कर ले गये थे, लेकिन पुलिस की नाकाबंदी देख बीच रास्ते में छोड़कर भाग निकले थे।

### प्रतिबंधित चाइन डोर की तलाश का तेज हुआ अभियान

# पतंगों पर दूरबीन से पुलिस की नजर






ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रतिबंधित चाइन डोर से होने वाले हादसों को रोकने के लिये चलाये जा रहे अभियान अब पुलिस ने ऊंची इमारतों पर चढ़कर दूरबीन से नजर रखना शुरू कर दिया है। अभियान में पुलिस द्वारा आम लोगों से संवाद कर पतंगबाजी के लिये सुरक्षित विकल्प अपनाने की बात भी कही जा रही है।

पतंगबाजी में कुछ सालों से चाइना डोर का उपयोग लगातार होना सामने आ रहा है। नायलोन से बनी डोर के काफी घातक परिणाम सामने आ रहे है। मानव ही नहीं पशु-पक्षियों की मौत का कारण भी चाइना डोर बनती दिखाई दे रही है। जिस पर प्रशासन द्वारा 2 माह का प्रतिबंध लगा दिया गया है। बावजूद बीते 24 दिनों में 3 घटना होना सामने आ चुकी है। चिमनगंज थाना क्षेत्र में छात्र योगेश आंजना गंभीर घायल हो चुका है। पुलिस ने चाइना की तलाश में दिसंबर के दूसरे सप्ताह से अभियान शुरू कर दिया था, पहले चरण में दुकानदारों को प्रतिबंधित डोर नहीं बेचने की हिदायत दी गई थी, दूसरे चरण में आर्डर पर डोर उपलब्ध कराने वालों की धरपकड़ का अभियान चलाया गया था। अब पुलिस द्वारा ऊंची बिल्डिगों पर चढ़कर पतंग उड़ाने वालों पर दूरबीन से नजर रख रही है। बुधवार को चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र में निगरानी की और आम लोगों से अपील करते हुए चाइना डोर का उपयोग नहीं करने के लिये जागरूक किया। 1 जनवरी से पुलिस पूरी तरह से मैदान में होगी और बेचने, उड़ाने, भंडारण करने वालों की धरपकड़ करेगी।

#### नाबालिगों के परिजनों पर होगा एक्शन

चाइना डोर से पतंगबाजी में नाबालिग भी शामिल है, पुलिस मैदानी इलाकों और छतों से पतंग उड़ाने वालों की जांच करने पहुंच रही है। वर्तमान में नाबालिग सबसे अधिक पतंगबाजी करते दिखाई दे रहे है। पुलिस द्वारा नाबालिगों को समझाईश दी जा रही है, अब वह प्रतिबंधित डोर के साथ पकड़े गये तो पुलिस उनके परिजनों के खिलाफ एक्शन लेकर कार्रवाई करेगी। एसपी प्रदीप शर्मा भी पूर्व में निर्देश जारी कर चुके है कि चाइना डोर से पतंगबाजी करने वालों को जेल भेजा जायेगा।

**अब तक 95 रील के साथ 8 को पकड़ा-** प्रतिबंध लगने के बाद नीलगंगा थाना पुलिस ने शिवांश एलिगेंस कालोनी और वाकणकर ब्रिज के पास से 5 युवको को गिरफ्तार कर 72 प्रतिबंधित खूनी डोर चाइना की रील बरामद की है। चिमनगंज थाना पुलिस ने 3 युवको को अनाज मंडी परिसर से 3 युवको का गिरफ्तार कर 23 रील जप्त की थी। सभी युवक आर्डर चाइना डोर बेचने के लिये निकले थे। पुलिस ऐसे लोगों का पता भी लगा रही है जो आर्डर पर प्रतिबंधित डोर मंगवाने का काम कर रहे है।

**शाम को महाकाल पुलिस ने की सर्चिंग-** बुधवार शाम को अंधेरा ढलने के बाद महाकाल थाना सीएसपी राहुल देशमुख, टीआई गगन बादल टीम के साथ क्षेत्र में नववर्ष से पहले मंदिर की ओर आने वाले मार्गो पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और अतिक्रमण हटावने के लिये निकली थी। महाकाल चौराहा से दौलतगंज तक व्यवस्था को बेहतर किया, इसी के साथ लौटते समय पुलिस टीम ने दौलतगंज चौराहा से लोहे का पुल क्षेत्र में लगने वाली पतंग दुकानों पर पहुंच चाइना डोर के मामले में सर्चिंग अभियान चलाया और दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि चाइना डोर बेची तो सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### पशुओं से भरी पिकअप पकड़ी, चालक हिरासत में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पचौर से आ रही पिकअप क्रमांक एमपी 15 झेड एम 3983 में तिरपाल के नीचे छुपाकर पशुओं को वध के लिये लेकर जाने की सूचना मिलने पर तराना पुलिस ने बुधवार को घेराबंदी की, पुलिस वाहन को देख चालक ने पिकअप छोड़कर भागने का प्रयास किया। एसआई गोकुल मंडोत ने आरक्षक अरविंद, दीपक पटेल, अमरदीपसिंह और अर्चित शर्मा के साथ चालक का पीछा कर उसे पकड़ा। पिकअप की तिरपाल हटाने पर उसमें भरे 8 गाय के बछड़े भरे होना सामने आये। चालक से पूछताछ करने पर उसका नाम नाम महेन्द्र पिता किशोरी 40 साल निवासी ग्राम सिलोदा खंडवा, हाल मुकाम बड़ी ग्वाल टोली, गवली धर्मशाला के सामने थाना खजराना इंदौर सामने आया। उससे पशु परिवहन संबंधित दस्तावेज मांगे तो नहीं दिखाई।




थाना प्रभारी रामनारायण भदौरिया ने बताया कि अवैध रूप से पशुओं का परिवहन करने वाले को थाने लाने पर पता चला कि वह पशुओं को पचौर से महाराष्ट्र के औरंगाबाद लेकर जा रहा था। मामले में पिकअप चालक के खिलाफ धारा 4, 6, 9 मध्यप्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 एवं धारा 11 (घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। पिकअप में भरे मवेशियों को मुक्त कराकर ग्राम कामलीखेड़ा स्थित गौशाला संचालक के सुपुर्द किया गया है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com